
वर्ष : 33 ▸ अंक : 225 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 31 अक्टूबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल




DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# दो बजे दोपहर




## महाराष्ट्र का रण

**मतदाताओं से अपील**

विधानसभा चुनाव आपके लिए एक अवसर है राज्य को गढ़ने का-संवारने का. आपसे अपील है कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए खुद मतदान जरूर करें और सगे-संबंधियों को भी प्रेरित करें.



# एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री के रूप में लोगों की पहली पसंद

## उद्धव और देवेंद्र फडणवीस को भी पीछे छोड़ा, सी वोटर के ताजा सर्वे में चौंकाने वाले नतीजे आए सामने

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए महायुति और महाविकास आघाडी (एमवीए) ने किसी को भी मुख्यमंत्री को चेहरा घोषित नहीं किया है। महायुति सीएम शिंदे की अगुवाई वाली सरकार की उपलब्धियों के साथ जनता के बीच है तो वहीं दूसरी तरफ महाविकास आघाडी यानी एमवीए में सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा जा रहा है। इस सब के बीच सी वोटर के सर्वे में मौजूदा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सीएम की पहली पसंद बन उभरे हैं। उन्होंने सर्वे में बीजेपी के नेता और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवी के साथ उद्धव ठाकरे को लोकप्रियता के मामले में पीछे छोड़ दिया है।

### कितने आगे हैं एकनाथ शिंदे?

उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद सीएम बने एकनाथ शिंदे लोकप्रिय होकर उभरे हैं। सी वोटर के सर्वे में जब लोगों से यह पूछा गया है कि वह मुख्यमंत्री के तौर किसे देखना चाहते हैं। तो एकनाथ शिंदे को 27 .5 फीसदी लोगों के मत हासिल हुए। बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस को 10 .8 फीसदी ने सीएम की पसंद बताया। शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे को सर्वे में फडणवीस से अधिक मत मिले। 22 .9 फीसदी लोगों ने कहा कि वह फिर से उद्धव ठाकरे को सीएम देखना चाहते हैं। अजित पवार को 3 .1 फीसदी लोगों ने अपनी पसंद बताया। सी वोटर के सर्वे में 26 .4 फीसदी लोगों ने कोई राय व्यक्त नहीं की।

### शिंदे ने बनाई अपनी छवि

महाराष्ट्र राज्य विधानसभा की 288 सीटों के लिए एक चरण में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। जून 2022 में जब शिंदे अविभाजित शिवसेना के 40 से ज्यादा विधायकों के साथ महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए बीजेपी से हाथ मिलाया था। तब तक वह राष्ट्रीय चेहरा नहीं थी, लेकिन पिछले सवा दो साल में वह लगातार सुर्खियों में रहे हैं। सी वोटर के सर्वे में उनकी लोकप्रियत की पीछे सरकार की योजनाओं को जिम्मेदार माना जा रहा है। अगस्त 2022 में सामना में एक तीखा संपादकीय छपा था जिसमें मंत्रिमंडल विस्तार में देरी पर सवाल उठाया गया था। इसमें कहा गया था कि शिंदे के दबाव में होने की बात कही थी, लेकिन पिछले सवा दो साल में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं। उनकी पार्टी शिवसेना 80 सीटों पर लड़ रही है।

# मुंबई में 6 नवंबर को MVA की संयुक्त रैली

## राहुल गांधी करेंगे गारंटियों का ऐलान

**धीरज सिंह । मुंबई**

महाराष्ट्र में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने एक प्रेस कांफ्रेंस में सत्तारूढ़ महायुति सरकार पर हमला बोलते हुए एक पत्र जारी किया। इसमें पार्टी ने उद्योग-धंधों के गुजरात जाने से लेकर महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर बीजेपी के अगुवाई वाली महायुति गठबंधन को घरा है। मीडिया से बातचीत में महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि एमवीए छह नवंबर को मुंबई में अपनी चुनावी 'गारंटी' का ऐलान करेगा। इस मौके पर तीन दलों की एक संयुक्त रैली रैली होगी। इस रैली में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। राहुल गांधी हरियाणा और जम्मू कश्मीर चुनावों के नतीजे आने से पहले कोल्हापुर के दौरे पर आए थे।

### तीन दलों के नेता होंगे शामिल



पटोले ने कहा कि यह कार्यक्रम छह नवंबर की शाम बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में आयोजित किया जाएगा और इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे शामिल होंगे। राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना तीन दिन बाद 23 नवंबर को होगी। चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो गई। निर्वाचन आयोग के मुताबिक 7,995 उम्मीदवारों ने 10,905 नामांकन दाखिल किए हैं।

### संविधान बचाओ सभा

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी छह नवंबर को एक दिन के दौरे पर महाराष्ट्र जाएंगे। पटोले ने बताया कि वह सुबह नागपुर में सबसे पहले 'संविधान बचाओ' सभा में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि गांधी इसके बाद बीकेसी में एमवीए की संयुक्त रैली में शामिल होंगे। कांग्रेस पिछले कुछ समय से चुनावों में अपने घोषणापत्र को 'गारंटी' के रूप में पेश करती रही है। एमवीए में कांग्रेस 103 सीटों पर, शिवसेना (यूबीटी) 89 पर और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा 87 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। छह सीटें अन्य एमवीए सहयोगियों को दी गई हैं, जबकि तीन विधानसभा सीटों पर कोई स्पष्टता नहीं है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### एक साथ बने दो विश्व रिकॉर्ड 25 लाख से अधिक दीयों से जगमगा उठी रामनगरी

**अध्योध्या।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार भगवान राम के आगमन पर दीपोत्सव मनाया गया। रामकी पैड़ी, चौधरी चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल पर 25 लाख 12 हजार 585 दीप जलाए गए। वहीं, 1 हजार 121 लोगों ने एक साथ सरयू आरती कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस तरह से रामनगरी एक आयोजन में एक साथ दो विश्व कीर्तिमानों की साक्षी बनी। बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ पहला दीया जलाकर किया था। उनके साथ प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे। दीपोत्सव में भगवान राम की महिमा का प्रदर्शन करने वाली भव्य झांकियां निकाली गई। इसके अलावा कलाकारों ने नृत्य भी प्रस्तुत किया।

### खुशियों के आंसू लेकर दिल्ली आई 'कांदा एक्सप्रेस'

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने शहर के किशनगंज रेलवे स्टेशन पर रेल के जरिए करीब 840 टन बफर प्याज पहुंचाया है। जिसके बाद राजधानी में प्याज की कीमतों में कमी आने की संभावना है, और इस प्याज से दिल्लीवासियों की आंखों में खुशियों के आने की भी पूरी उम्मीद है। इस बारे में जारी एक सरकारी बयान में बताया गया कि 20 अक्टूबर को 'कांदा एक्सप्रेस' के जरिए 1,600 टन प्याज दिल्ली पहुंचने के बाद यह रेल मार्ग से दूसरी बड़ी आपूर्ति है। सहकारी संस्था नाफेड द्वारा खरीदी गई प्याज की इस खेप को मुख्य रूप से आजादपुर मंडी के जरिए बेचा जाएगा, जिसका एक हिस्सा 35 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खुदरा बिक्री के लिए निर्धारित किया गया है।

### प्रधानमंत्री ही नहीं रक्षामंत्री व रक्षा अधिकारी भी सैनिकों के साथ मनाएंगे दिवाली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अग्रिम क्षेत्रों में सैनिकों के साथ दिवाली मनाने के संकेत के अनुरूप, देश के शीर्ष रक्षा अधिकारी भी देश भर में विभिन्न स्थानों पर सैनिकों के साथ दिवाली मना रहे हैं। सबने अपने अपने कार्यक्रम तय कर लिए हैं और देश के कोने-कोने में सैनिकों के साथ दिवाली मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान पोर्ट ब्लेयर में अंडमान और निकोबार कमांड में तैनात सैनिकों के साथ दिवाली मना रहे हैं और वहां उत्सव में भाग लिया। वहीं भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी अरुणाचल प्रदेश में सैनिकों के साथ दिवाली मनाएंगे और रक्षा मंत्री के साथ वहां पहले ही पहुंच चुके हैं।

# प्रशासन पर चुनावी हंटर

## 260 पुलिसकर्मियों का तबादला

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल हुआ है। अपने गृह जिलों में तीन साल



से अधिक समय से पदस्थ पुलिसकर्मियों पर निवार्चन आयोग का चाबुक चला है। बुधवार को महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के 260 से अधिक पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया है। इससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को 260 से अधिक पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया, जिनमें मुंबई के 150 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचन आयोग ने उन अधिकारियों का तबादला करने का निर्देश दिया था, जो तीन वर्ष से अधिक समय से अपने गृह जिलों में सेवारत या वर्तमान पदस्थापन पर हैं। जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ निरीक्षकों सहित मुंबई के लगभग 150 पुलिस अधिकारियों को गडचिरोली, गोंदिया, भंडारा, नागपुर और वाशिम सहित विभिन्न जिलों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### पुलिस आयुक्तालय के अधिकारियों का तलाबला

एक अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई, मीरा भायंदर और वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के कुछ अधिकारियों का भी ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य के अलग-अलग जिलों के पुलिस अधिकारियों को मुंबई में तैनात किया गया है। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीट में से 36 सीटें मुंबई में हैं।

### मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख से मांगा था स्पष्टीकरण

विधानसभा चुनाव से पहले अधिकारियों के तबादले के उसके आदेशों को पूरी तरह लागू करने में विफल रहने को लेकर निर्वाचन आयोग ने पिछले महीने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और राज्य के पुलिस प्रमुख से स्पष्टीकरण मांगा था।

# 'मुंबई को डांस बार बना रहे हैं सीएम'

## फडणवीस पर नरम और शिंदे पर गरम हुए राज ठाकरे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अकेले किस्मत आजमा रहे महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के चीफ राज ठाकरे ने इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट्स को लेकर एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा है। राज ठाकरे ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि सीएम एकनाथ शिंदे मुंबई को रोशनी के साथ डांस बार में बदल रहे हैं। उन्होंने शहर में गैर जरूरी लाइटिंग किए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। जिस रोशनी को कोई तुक ही नहीं है।



### मुंबई को लेकर साधा निशाना

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज ठाकरे ने बोलते हुए कहा कि यह मुंबई है या फिर डांस बार। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने एकनाथ शिंदे सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सीएम मुंबई को डांस बार में बदल रहे हैं। मनसे चीफ ने कहा कि मुंबई को सौंदर्यपूर्ण बदलाव की जरूरत है। मुंबई को बड़े संग्रहालयों, शैक्षिक संग्रहालयों, उद्यानों आदि की जरूरत है। शहर में सौंदर्यबोध की कमी है। राज ठाकरे ने कहा कि मैंने देखा है कि सीएम ने बिजली के खंभों सहित हर जगह रोशनी लगा दी है। राज ठाकरे ने आगे कहा कि यह शहर है या डांस बार?

### विकास को लेकर किया कटाक्ष

राज ठाकरे ने पूछा कि अगर हर जगह लाइटें लगाई जाएंगी, तो क्या सरकार त्योहारों के दौरान उन्हें बंद कर देगी? उन्होंने सीएम शिंदे की आलोचना करते हुए कहा कि उनमें शहर को सही मायने में बेहतर बनाने की समझ नहीं है। ठाकरे ने राज्य में विकास पर भी टिप्पणी की। मनसे चीफ ने कहा कि जब कोई अन्य स्थानों पर जाता है, तभी उसे समझ में आता है कि शहर कैसे बनते हैं? उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के विकास पर चर्चा घंटों तक चल सकती है, जिसमें वे राज्य के लिए क्या सोचते हैं और इसे और कैसे मजबूत किया जा सकता है, इस पर विचार किया जा सकता है।

### बीजेपी से होगा अगला सीएम

जब उनसे पूछा गया कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन बन सकता है, तो ठाकरे ने जवाब दिया, अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा। मैं इसका कारण नहीं बता सकता, लेकिन मुझे ऐसा लगता है। मनसे चीफ राज ठाकरे ने कहा कि अगर उनसे पूछा जाए कि 2029 में महाराष्ट्र का नेतृत्व कौन कर सकता है, तो वे कहेंगे कि यह मनसे से कोई होगा। ठाकरे ने यह भी कहा कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री की भूमिका निभा सकते हैं?



# महाराष्ट्र चुनाव में ब्लैक मनी की एंट्री

## गुजरात बॉर्डर पर फिर मिले 4.25 करोड़ कैश

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ ही ब्लैक मनी का मिलना जारी है। महाराष्ट्र गुजरात बॉर्डर पर पुलिस ने फिर 4 करोड़ 25 लाख कॅश बरामद किया है। चुनाव के मद्देनजर पालघर जिले में गुजरात दादरा नगर हवेली और दमन की सीमाओं पर नाकाबंदी की गई है। इसी नाकाबंदी में करोड़ों की नकदी जब्त की गई है। तलासरी पुलिस ने इन्हें जब्त किया है।

### वैन में लाया गया कैश

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ये कैश एक वैन में लाया जा रहा था। वैन चालक के पास उस नकदी को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं थी तो उसे जब्त कर लिया गया।

### मामले की जांच

मामले की जांच की जा रही है कि कैश किसने और क्यों भेजा? पुलिस सूत्रों के मुताबिक अवैध रूप से चुनाव में इस्तेमाल के लिए ये नगदी भेजी जा रही थी।

### अवैध धन रखने वालों पर चुनाव आयोग की टीम, पुलिस और आयकर विभाग की नजर

राज्य विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए अब कुछ ही हफ्ते बचे हैं। फिलहाल महाराष्ट्र में आचार संहिता लागू है। इसलिए पुलिस महाराष्ट्र की सड़कों और गलियों पर कड़ी नजर रख रही है। आचार संहिता के दौरान अवैध धन रखने वालों पर चुनाव आयोग की टीम, पुलिस और आयकर विभाग की नजर है।

**बीजेपी का डबल गेम** ▸ 2019 विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों की संख्या के बराबर है इस बार उम्मीदवारों की संख्या

# महाराष्ट्र चुनाव के लिए बैक डोर से उतारे 164 उम्मीदवार

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किए जाने की मियाद खत्म होने तक किसी भी सियासी गठबंधन ने उसमें शामिल राजनीतिक दलों के बीच हुए सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला घोषित नहीं किया। हालांकि उम्मीदवारों की जारी की गई सूची के आधार पर यह पता चला है कि सत्तारूढ़ महायुति में बीजेपी को 148, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 85 तथा उप मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी को 51 सीटें मिली हैं। 2019 के सीट बंटवारे से इसकी तुलना किए जाने पर ऊपरी तौर पर बीजेपी को 16 सीटों के नुकसान का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि बीजेपी ने बैक डोर से अपने लगभग 16 और उम्मीदवारों को चुनावी महासमर में उतारा है। जिसकी वजह से 2024 विधानसभा चुनाव में उसके उम्मीदवारों की संख्या लगभग 164 हो गई है, जो कि 2019 विधानसभा चुनाव के उसके उम्मीदवारों की संख्या के बराबर है।



### एमवीए के शासनकाल में गुजरात गई परियोनाएं

बीजेपी और शिवसेना ने महायुति में 164+124 के फॉर्मूले के तहत 2019 विधानसभा चुनाव लड़ा था। उस चुनाव में बीजेपी के 105 तो वहीं शिवसेना के 55 उम्मीदवार विजयी हुए थे। लेकिन शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अब दो हिस्सों में बंट चुकी है। फिलहाल सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना और डीसीएम अजित पवार की एनसीपी के साथ महायुति बनाकर बीजेपी चुनाव लड़ रही है। विरोधी दावा कर रहे हैं कि शिवसेना व एनसीपी को तोड़ने का खामियाजा बीजेपी को भी भुगतना पड़ा है। 2019 की तुलना में उसके उम्मीदवारों की संख्या घटकर 148 हो गई है।

### बीजेपी ने शुरू किया नया ट्रेंड

हालांकि 2024 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान एक नया ट्रेंड देखने को मिला है। बीजेपी ने सहयोगी दलों को सीट देकर सम्मान भी रखा और सहयोगी दलों की उन सीटों पर अपने इच्छुकों को उम्मीदवारी दिला कर एक बार फिर से अपने उम्मीदवारों की संख्या 164 तक पहुंचा ली है। अपने सहयोगी दलों की लगभग 16 सीटों पर बीजेपी ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

### सहयोगी दलों की सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवार

**अर्जुनी मोरगांव विधानसभा सीट** : अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के हिस्से में आई इस सीट पर बीजेपी के दो बार विधायक रहे राजकुमार बडोले उम्मीदवार हैं।

**बालापुर विधानसभा सीट** : शिवसेना (शिंदे गुट) की इस सीट पर बीजेपी नेता बलिराम सिरस्कर चुनाव लड़ रहे हैं।

**कन्नड़ विधानसभा सीट** : इस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से बीजेपी के पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे की बेटी संजना जाधव, सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना के चुनाव चिन्ह धनुष-बाण पर चुनाव लड़ रही हैं।

**परभणी विधानसभा सीट** : परभणी जिला केंद्रीय बैंक और कृषि उपज बाजार समिति के निदेशक और बीजेपी नेता आनंद भरोसे ने ऐन चुनाव के मौके पर कमल छोड़कर धनुष-बाण थाम लिया।

**उस्मानाबाद विधानसभा सीट** : उस्मानाबाद सीट पर बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी के बीच रस्साकशी चल रही थी। लेकिन समझौते में यह सीट शिंदे गुट के खाते में चली गई। इसके बाद बीजेपी ने दांव खेला। उसके तहसील अध्यक्ष अजित पिंगले बीजेपी से कूद कर शिंदे गुट में चले गए। वहां उनकी उम्मीदवारी की घोषणा कर दी गई।

दो बजे दोपहर
मुंबई आसपास

# 17वीं अखिल भारतीय आरपीएफ डॉग प्रतियोगिता 2024 में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**




पश्चिम रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (RPF) डॉग स्क्वायड ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज में आयोजित प्रतिष्ठित 17वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल डॉग प्रतियोगिता में अपने असाधारण कौशल, अनुशासन और सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। देश भर की सर्वश्रेष्ठ श्वान टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा में पश्चिम रेलवे के आरपीएफ डॉग स्क्वायड ने विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अंततः खिताब हासिल किया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस प्रतियोगिता में विभिन्न रेलवे जोन के डॉग स्क्वॉड ने आज्ञाकारिता, चपलता और सुरक्षा-विशिष्ट कार्यों में अपनी क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए भाग लिया। पश्चिम रेलवे सुरक्षा बल के डॉग स्क्वॉड ने इन श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो रेलवे सुरक्षा के प्रति उनके कठोर प्रशिक्षण और समर्पण को दर्शाता है। पश्चिम रेलवे सुरक्षा बल के दस्ते की ओर से मुंबई सेंट्रल मंडल से विस्फोटक खोजी श्वान 'वेरो' और ट्रैकर डॉग 'वर्नर' और वडोदरा मंडल से नारकोटिक्स खोजी श्वान 'इंच' ने प्रतियोगिता में भाग लिया। वडोदरा मंडल के 'इंच' ने कांस्य पदक भी जीता और तीसरा स्थान हासिल किया। विनीत ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर हाल ही में मिली जीत श्वान और उनके संचालकों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है। पश्चिम रेलवे आरपीएफ डॉग स्क्वायड नियमित गश्त, तोड़फोड़ विरोधी निरीक्षण और अन्य सुरक्षा कर्तव्यों में भाग लेकर पश्चिम रेलवे परिसर और यात्रियों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उनका निरंतर प्रशिक्षण और तत्परता संभावित खतरों को रोकने और लाखों यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में सहायक है।

# उदवाड़ा-वापी स्टेशन और अतुल-वलसाड के बीच ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



मुंबई सेंट्रल मंडल के उदवाडा-वापी स्टेशनों के बीच रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए बो स्ट्रिंग गर्डर की लॉन्चिंग तथा उदवाडा-वापी एवं अतुल-वलसाड स्टेशनों के बीच गर्डर की लॉन्चिंग के लिए 7, 11, 15, 16 और 18 नवंबर, 2024 को ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक अप एवं डाउन मेन कंबाइंड लाइन पर लिया जाएगा, जिसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दिवाली त्योहार के दौरान यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए पहले से अधिसूचित ब्लॉक को रिशेड्यूल किया गया है। प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

## शॉर्ट टर्मिनेट /निरस्त होने वाली ट्रेनें:-


1.10 नवंबर, 2024 को भुज से तथा 11 नवंबर, 2024 को दादर से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 20908/20907 भुज-दादर सयाजीनगरी एक्सप्रेस वलसाड तक चलेगी और वलसाड एवं दादर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। 2.11 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 09154/09153 वलसाड-उमरगाम रोड मेमू स्पेशल निरस्त रहेगी। 3.11 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 09085 बोरीवली-वलसाड मेमू स्पेशल पारडी तक चलेगी तथा पारडी एवं वलसाड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

## रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:-

1. 7, 16 और 18 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 20907 दादर- भुज सयाजीनगरी एक्सप्रेस 55 मिनट रेगुलेट होगी। 2.7, 16 और 18 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 20908 भुज- दादर सयाजीनगरी एक्सप्रेस 45 मिनट तथा 15 नवंबर, 2024 की यही ट्रेन 30 मिनट रेगुलेट होगी। 3. 7, 16 और 18 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर- मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस 30 मिनट तथा 11 नवंबर, 2024 की यही ट्रेन 1 घंटा 10 मिनट रेगुलेट होगी। 4.11 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 16588 बीकानेर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 1 घंटा 10 मिनट तथा 18 नवंबर, 2024 की यही ट्रेन 25 मिनट रेगुलेट होगी। 5.15 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 12996 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 30 मिनट रेगुलेट होगी। 6.15 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 14806 बाड़मेर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 25 मिनट रेगुलेट होगी। 7. 11 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 09055 बांद्रा टर्मिनस-उधना स्पेशल 40 मिनट रेगुलेट होगी। 8.11 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 19015 दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस 50 मिनट रेगुलेट होगी। 9.11 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 09145 मुंबई सेंट्रल-बरौनी स्पेशल 30 मिनट रेगुलेट होगी। 10. 11 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 22954 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल गुजरात सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 घंटा रेगुलेट होगी। 11. 16 नवंबर, 2024 की ट्रेन संख्या 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 1 घंटे रेगुलेट होगी।

# भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र, रजिया गुंडों में फंस गई

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**




महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और हर नेता खुद को भावी विधायक समझ कर अपनी जीत का दावा ठोक रहा है। वैसे तो महाराष्ट्र के कई विधानसभा क्षेत्रों में स्थिति फंसी हुई दिख रही है, लेकिन भिवंडी, जो कि एक अल्पसंख्यक बहुल शहर है, में पूर्व और पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों में बड़ा विरोधाभास नजर आता है। जहां भिवंडी पूर्व में धर्म और राष्ट्रीयता के भेदभाव के बिना लोगों की राय स्पष्ट नजर आती है,वहीं भिवंडी पश्चिम में हर कोई अपनी डेढ़ ईंटों की अलग मस्जिद बनाता नजर आता है। कुछ लोगों के लिए पूर्व मेयर भ्रष्ट है, इसलिए इसको कैसे वोट दें? कुछ लोग कांग्रेस प्रत्याशी के वोट बैंक के बजाय अपना बैंक बैलेंस बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व विधायक की समाज के सभी वर्गों पर पकड़ है, पार्टी का वोट बैंक सुरक्षित है, वह मिलेगा अपने संप्रदायों और क्षेत्र के लोगों से। इनके लिए ये भी अच्छा है। बुलंद बांग (बड़े-बड़े) दावे करके बची बारह, पांच, चार से दो सीटों पर सिमटी पार्टी क्या एकता का धर्म निभाएगी? अगर ऐसा हुआ तो जिन्होंने इस उम्मीद में पिछले तीन चार वर्ष में हजारों वोटर्स का नाम सूची में बढ़ाए और कई सामाजिक कार्य किए इनकी उम्मीदों का क्या ? बरसाती मेंढक और इंपोर्टेड (आयातित) उम्मीदवार की भी कोई कमी नहीं है। कुछ के बारे में जनता का मानना है कि इनको वोट काटने के लिए खड़ा किया गया है। कुछ का कहना है कि बहती गंगा में इन्हें सिर्फ हाथ ही नहीं बल्कि बहुत कुछ धोना है। अब परीक्षा इन की भी है, जिन्होंने लोकसभा चुनाव में इंडिया अलायंस के लिए बहुत कठिन परिश्रम किया था। इस बार 'बड़ी कठिन है डगर पनघट की' इसलिए सम्भल कर घोषणा करना। लेकिन असल में परीक्षा जनता की है और खासकर बहुसंख्यक अल्पसंख्यक वर्ग की है जिन को राजनीतिक जागरूकता और समझ से ज्यादा प्रिय है अपने अहंकार की संतुष्टि और वह उसे ही महत्व देते हैं। दरअसल, इस बार रजिया गुंडों में फंस गई है। अब देखना ये है कि जनता क्या सूझ बूझ से कम लेती है या फिर करेगी नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) का उपयोग।

# मामूली विवाद में व्यक्ति की हत्या

## आरोपी दो सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

## निर्माण स्थल पर घूमने को लेकर टोके जाने पर हुआ विवाद

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमने को लेकर हुए विवाद में 37 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। हत्या के इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक निर्माण स्थल के दो सुरक्षा गार्ड को हिरासत में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना मंगलवार सुबह कल्याण इलाके में स्मार्ट सिटी परियोजना निर्माण स्थल के पास हुई। एमएफसी थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि निर्माण स्थल पर तैनात दोनों गार्ड ने व्यक्ति के यहां घूमने पर आपत्ति जताई थी। इस बात से व्यक्ति नाराज हो गया और उन लोगों में विवाद होने लगा।



यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर उस व्यक्ति को उठाकर फर्श पर पटक दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस अधिकारी ने बताया की घटना की जांच करते हुए पुलिस की टीम ने कई सुरागों के आधार पर काम किया और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। जांच के आधार पर दोनों गार्ड को गिरफ्तार किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) (हत्या) और 3 (5) (सामान्य इरादे से कई व्यक्तियों द्वारा किया गया आपराधिक कृत्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# रिवॉल्वर लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**



विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भिवंडी पुलिस ने अपराधिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है। इस बीच कल रात निजामपुरा पुलिस ने खोनीगांव इलाके में रिवॉल्वर लेकर घूम रहे प्रशांत पाटील को गिरफ्तार कर लिया है। दो दिन पूर्व नारपोली पुलिस तथा आचार संहिता पथक की संयुक्त कार्रवाई में वाहनों की चेकिंग के दौरान संदिग्ध कार से 3 लाख 31 हजार की 12 बॉक्स चांदी बरामद की गई थी। पुलिस के अनुसार निजामपुरा पुलिस को सूचना मिली थी के एक व्यक्ति अपने पास रिवॉल्वर लिए खोनीगांव स्थित ब्रिज के पास घूम रहा है। सूचना के मिलते ही निजामपुरा पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक संतोष आव्हाड के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने उक्त खोनीगांव इलाके से रात 12:15 बजे के करीब प्रशांत शरद पाटील (30) निवासी जिला परिषद प्राथमिक स्कूल, खोनीगांव को रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी कीमत 25 हजार 360 रूपये बताई जा रही है, पुलिस ने जब्त कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने हथियार एक्ट की धारा 4, 25 व महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की कलम 37(1), 37(3), 135 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर चुनाव के समय उक्त आरोपी का हथियार लेकर घूमने का उद्देश क्या था। मामले की आगे की कार्रवाई पुलिस उपनिरीक्षक बड़गिरे कर रहे हैं।

136 भिवंडी पश्चिम विधानसभा

# 29 प्रत्याशियों द्वारा 45 नामांकन में 3 उम्मीदवारों के 10 नामांकन अवैध घोषित

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**



विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत 136 भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में चुनाव नामांकन आवेदन जांच प्रक्रिया चुनाव रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में आयोजित किया गया था। इस कार्यालय में प्राप्त नामांकन आवेदन की संवीक्षा प्रक्रिया चुनाव निरीक्षक अमना तसनीम (भा.प्र. से.) व चुनाव निर्णय अधिकारी उदय किस्वे और सहायक चुनाव निर्णय अधिकारी अभिजीत खोले की अध्यक्षता में 30.10.2024 को सुबह 11.00 बजे आयोजित किया गया।

136 भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवार आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29.10.2024 मंगलवार को दोपहर 3.00 बजे समाप्त हो गई। उम्मीदवार आवेदन दाखिल करने की समय सीमा के अंत में, 136 भिवंडी पश्चिम निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 29 उम्मीदवारों ने 45 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इन सभी नामांकन आवेदनों की जांच 136 भिवंडी पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव निर्णय अधिकारी उदय किस्वे ने 30.10.2024 को उम्मीदवार एवं उनके प्रतिनिधि को प्रस्तुत कर किया। 29 उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए 45 नामांकन आवेदनों में से 3 उम्मीदवारों के 10 नामांकन आवेदन अवैध घोषित किए गए हैं, जबकि 26 उम्मीदवारों के नामांकन आवेदन वैध हैं। वहीं 137 भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले सभी 17 उम्मीदवार वैध घोषित, यह जानकारी 137 भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र के चुनाव अधिकारी अमित सानप ने दी है।उक्त क्षेत्र में कुल 23 उम्मीदवारों ने कुल 30 नामांकन पत्र दाखिल किया है।

# विधानसभा सीटों के मीडिया कक्ष की कार्यप्रणाली शुरू

## जिला जनसंपर्क कार्यालय से निगरानी किया जा रहा है

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**



विधानसभा चुनाव 2024 में जिले की 18 विधानसभा चुनाव क्षेत्र में कार्य करने के लिए जिला सूचना कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी तैयार हैं। जिले की सभी विधानसभा सीटों के लिए मीडिया सेल तैयार किया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी व जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के निर्देशानुसार एकीकृत मीडिया कक्ष का निर्माण किया गया है। मीडिया नियंत्रण समिति के सचिव व जिला जनसंपर्क अधिकारी मनोज सानप के माध्यम से चल रहा है। इस कक्ष के माध्यम से सभी समाचार पत्रों,सोशल मीडिया,टीवी चैनल द्वारा प्रसारित किया जाने वाले पेड न्यूज पर चुनाव आयोग के दिये निर्देश के अनुसार पैनी नजर रहेगी। इसकी निगरानी के लिए सभी चुनावी क्षेत्र में नोडल अधिकारी तैनात है।

# मनपा कर्मचारी व आशा सेविका को दीपावली भेट

## 6 हजार रुपये दीपावली पर्व के निमित्त आशा सेविका के बैंक खाते में जमा

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**



दीपावली पर्व के निमि.त्त ठाणे मनपा क्लास 2 व क्लास 4 के सभी कर्मचारियों को सानुग्रह अनुदान अक्टूबर महीने के वेतन के साथ और आशा सेविका को 6 हजार रुपए उनके बैंक खाते में जमा किया। मनपा ने यह नियोजनबद्ध व्यवस्था सानुग्रह अनुदान व वेतन दीपावली पर्व के पहले ही जमा कर दिया। आशा सेविका व मनपा कर्मचारियों ने मनपा आयुक्त सौरभ राव का आभार व्यक्त किया है।मनपा के क्लास 2 व 4 के 6300 कर्मचारी,शिक्षण विभाग के 736 कर्मचारी,परिवहन विभाग के 1493 स्टॉप कर्मचारी, मनपा ठेके कर्मचारी 365 कर्मचारियों को 24000 रुपए का सानुग्रह अनुदान दिया गया।492 आशा सेविकाओं को हर साल की तरह 6 हजार रुपए दीपावली भेट स्वरूप दिया। मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार अक्टूबर के वेतन दीपावली पर्व के पहले बैंक खाता में जमा कर दिया गया। सब मिलाकर 22 करोड़ रुपए हुआ।

# उल्हासनगर में कपड़े की दुकान में भीषण आग

## लाखों रुपये के कपड़े जलकर हुए खाक

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**



उल्हासनगर-2 के सबसे व्यस्त न्यू गजानंद मार्केट में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। इस आग में कपड़े की दुकान जलकर खाक हो गई है।इस दुर्घटना से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया है.हालांकि आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है, मौके पर अग्निशमन दल के दो गाड़ियां ने पर पहुंच कर आग पर तुरंत काबू पा लिया है। अचानक आग लगने की घटना को देखकर बाजार में व्यापारियों और ग्राहकों में हड़कंप मच गया। आग की भयावहता को देखते हुए गजानन मार्केट के अन्य दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों से सामान निकालने लगे। कुछ ही देर में आग इतनी फैल गई कि दुकान में रखे पूरे कपड़े का सामान जल गया। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए अस्थायी प्रयास शुरू कर दिए थे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर कुछ हद तक काबू पा लिया गया है और आसपास की इमारतों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए सावधानी बरती गयी। इस घटना से व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है और सवाल खड़ा हो गया है कि अगले कुछ दिनों में उनके कारोबार पर कैसा असर रहेगा। बहरहाल, इस अग्निकांड से बाजार के अन्य दुकानदारों में बेचैनी है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों पर विचार किया जाने लगा है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने भी मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया है। आग लगने के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है और प्रशासन ने बाजार में दुकानदारों से शांत रहने की अपील की है।

# त्योहार को लेकर बाजारों में भीड़ का फायदा उठा सक्रिय हुए चोर

## महिला के हाथ की प्लास्टिक थैली काट कर सोने की चैन चोरी

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**



भिवंडी में त्यौहार को लेकर बाजारों में भारी भीड़ लग रही है जिसका फायदा उठा कर जेब कतरे सक्रिय हुए है। कल भिवंडी के गोपाल नगर निवासी एक महिला का बाजारपेठ में सोने की चैन अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। पुलिस अनुसार भिवंडी के गोपाल नगर सहित पाटीदार हॉल के सामने शत्रुजीन सोसायटी में रहने वाले गौतम भालचंद्र जाधव ने निजामपुरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि कल दोपहर 3:45 बजे उनकी पत्नी बाजारपेठ में सिद्धार्थ ज्वेलर्स दुकान में खरीदी करने गई थी। जहां किसी अज्ञात चोर ने उनके हाथ में टंगी प्लास्टिक की थैली को काट कर 91 हजार 400 रुपये मूल की सोने को चैन चोरी कर ली है। पुलिस ने गौतम जाधव की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर चोर की तलाश में जुट गई है। मामले की जांच पुलिस हवलदार एम. बी. भारती कर रही है।

# टिकट न मिलने से नाराज पालघर से शिवसेना विधायक लापता



**डीबीडी संवाददाता । पालघर**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिए जाने से नाराज पालघर से शिवसेना के मौजूदा विधायक श्रीनिवास वनगा सोमवार से ही लापता हैं। उनके परिवार के सदस्यों ने पुलिस को यह जानकारी दी है, हालांकि कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पालघर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार सुबह बताया कि विधायक कहां हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने सोमवार शाम से किसी से संपर्क में नहीं किया है। शिवसेना द्वारा टिकट न दिए जाने से नाराज वनगा ने सोमवार को पत्रकारों से कहा था कि उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का साथ देकर और उनकी पार्टी में शामिल होकर बड़ी गलती की।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## आध्यात्मिक उपचार



निशांत के. शर्मा
न्यूमरोलॉजर, एस्ट्रोलॉजर, औरा एक्सपर्ट एंड वास्तु कंसल्टंट
मो. : 9305793058

आर्थिक संपन्नता बनाए रखने के लिए दीपावली पूजन के समय चांदी की एक डिब्बी के साथ थोड़ी-सी नागकेशर व शहद का पूजन करें। अगले दिन प्रातः चांदी की डिब्बी में नागकेशर के साथ शहद को भी चांदी की डिब्बी में रखकर और उसे लाल वस्त्र में बांधकर धन रखने के स्थान पर रख दें।

# अजित पवार ने भाजपा के साथ राजनीतिक समझौता किया विचारधारा का नहीं : मलिक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र चुनाव में राजनीतिक माहौल गरमा रहा है। नामांकन दाखिल होने के बाद नेताओं अब चुनाव प्रचार में जुट गए है। दोनों प्रमुख गठबंधनों में सीट शेयरिंग को लेकर रस्साकशी अंतिम समय तक चली। कौन सा दल कितनी सीटों लड़ेगा इसका ऐलान नहीं हुआ। सभी दलों ने एक-एक कर अपने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी करना शुरू कर दिया था। बावजूद इसके अब भी विवाद खत्म नहीं हुआ है। महायुति में शामिल बीजेपी, एनसीपी और शिवसेना में कई सीटों पर विवाद की स्थिति अब बनी हुई है। बीजेपी लगातार एनसीपी नेता नवाब मलिक की उम्मीदवारी का विरोध करती रही। इधर नवाब मलिक ने टिकट नहीं मिलने



के स्थिति में मंलगवार को दो नामांकन दाखिल कर दिए थे। हालांकि कुछ देर बाद एनसीपी ने उन्हें उम्मीदवारी देने की घोषणा कर दी। इधर महायुति में शामिल एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने सुरेश पाटिल को मानखुर्द शिवाजी नगर से टिकट दे दिया।

### विचारधारा से समझौता नहीं किया

नवाब मलिक ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'जहां तक भाजपा का सवाल है, अजित पवार ने उनके साथ राजनीतिक समझौता कर लिया है। एनसीपी और नवाब मलिक ने विचारधारा से समझौता नहीं किया हैं। हमारी विचारधारा स्पष्ट है, हम धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करते हैं।'

### बीजेपी नहीं करेगी प्रचार

मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष आशीष शेलार ने नवाब मलिक को मानखुर्द शिवाजी नगर से उम्मीदवारी देने के बाद कहा कि बीजेपी उनके लिए प्रचार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हम शिवसेना के सुरेश पाटिल का समर्थन करेंगे। इसके बाद नवाब मलिक ने बीजेपी पर निशाना साधा है।

### हमारे लिए चिंता की बात नहीं

नवाब मलिक ने कहा कि 'जिस निर्वाचन क्षेत्र से एनसीपी ने मुझे मैदान में उतारा है, मानखुर्द शिवाजी नगर, वहां शिवसेना के उम्मीदवार सुरेश पाटिल हैं। भाजपा उनका समर्थन कर रही है। मेरी बेटी के निर्वाचन क्षेत्र में भी यही स्थिति है। इसलिए, अगर भाजपा या शिवसेना का शिंदे गुट मेरा विरोध कर रहा है, तो यह हमारे लिए चिंता की बात नहीं है।'

### लोगों के आग्रह पर चुनाव लड़ रहा हूं

एनसीपी नेता नवाब मलिक ने कहा कि 'दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में, हमें भारी बहुमत मिलेगा। मैं लोगों के आग्रह पर मानखुर्द शिवाजी नगर से चुनाव लड़ रहा हूं। लोगों ने मुझे चुनाव में आमंत्रित किया है। चाहे बीजेपी हो या शिवसेना, जो मेरा विरोध करे, लोगों का विश्वास और समर्थन हमारे साथ है। हम दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में जीतेंगे।'

### अजित पवार के बिना कोई सरकार नहीं बन सकती

मानखुर्द शिवाजी नगर से एनसीपी उम्मीदवार नवाब मलिक ने कहा कि जहां तक चुनावों का सवाल है, मुकाबला कड़ा है। यह स्पष्ट है कि महाराष्ट्र में अजित पवार के बिना कोई सरकार नहीं बन सकती और वे विचारधाराओं के साथ समझौता नहीं किया जा सकता।

# मलिक को चुनाव लड़ा अजित ने विश्वासघात किया : किरीट सोमैया

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

नवाब मलिक को एनसीपी का उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर भाजपा नेता किरीट सोमैया ने बुधवार को अजित पवार पर निशाना साधा। कहा कि अजित ने मलिक को टिकट देकर देश के साथ विश्वासघात किया है।



### एनसीपी उम्मीदवार पर लगाए गंभीर आरोप

सोमैया ने मलिक को अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम का सहयोगी करार देते हुए कई गंभीर आरोप भी लगाए। अजीत की एनसीपी ने मलिक को नामांकन के अंतिम दिन मानखुर्द शिवाजी नगर से उम्मीदवार बनाया, जबकि भाजपा इसका शुरू से विरोध कर रही थी। अजित के इस कदम से नाराज महायुति गठबंधन की ओर से भाजपा ने एकनाथ शिंदे के उम्मीदवार सुरेश कृष्ण पाटिल (बुलेट पाटिल) के लिए मंगलवार से ही प्रचार शुरू कर दिया है। मलिक को 2022 में एनआईए ने दाऊद, छोटा शकील और टाइगर मेमन सहित उसके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया था। मलिक को इस साल जुलाई में चिकित्सा आधार पर जमानत दी गई।

### भाजपा मलिक के लिए प्रचार नहीं करेगी

भाजपा ने स्पष्ट किया है कि दाऊद के साथ संबंधों के कारण वह मलिक के लिए प्रचार नहीं करेगी, लेकिन उनकी बेटी सना की उम्मीदवारी पर उसे कोई आपत्ति नहीं है। एनसीपी ने ही मलिक की बेटी को अणुशक्ति नगर निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया है। भाजपा की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार ने पार्टी के इस स्टैंड को लेकर मंगलवार शाम एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि सभी महायुति घटकों को अपने-अपने उम्मीदवार तय करने की अनुमति दी गई थी। चिंता केवल एनसीपी द्वारा मलिक के नामांकन को लेकर थी।

# '90 फीसदी सीटों पर मान जाएंगे बागी'

## महाराष्ट्र चुनाव में महा विकास आघाडी का दावा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने बुधवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) महाराष्ट्र विधानसभा की उन 90 फीसदी सीटों पर बागियों को शांत करने में सफल रही है, जहां से इन नेताओं ने गठबंधन के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ नामांकन दाखिल किया था। संजय राउत ने बताया कि शिवसेना (यूबीटी)





उम्मीदवारों ने 96 सीटों पर पर्चा दाखिल किया है। जब राउत से मैदान में उतरे बागियों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि गठबंधन में यह होता रहता है। हम साथ बैठेंगे और बागियों को शांत करने की कोशिश करेंगे। हम बदलाव लाना चाहते हैं और ऐसा करने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा।

### सीमित सीटों की वजह से समस्या

संजय राउत ने कहा कि हमने ऐसी 90 फीसदी सीटों पर उन पार्टी कार्यकर्ताओं को मनाने की सफल कोशिश कर ली है, जिन्होंने ने नाराज होकर आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ बगावत की थी। सारे लोग नामांकन वापस ले लेंगे। राज्यसभा सांसद राउत ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) सुप्रीमो शरद पवार और कांग्रेस नेतृत्व असंतुष्ट नेताओं को मनाने की कोशिश करेंगे। राउत ने माना कि जब तीन पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ती हैं, तो सीमित सीटों की वजह से पार्टियों के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### गठबंधन धर्म का पालन

सांगोले और अलीबाग विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना (यूबीटी) और सहयोगी दल 'पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी' (पीडब्ल्यूपी) ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं। उनके बारे में राउत ने कहा कि उनकी पार्टी ने 2019 के चुनाव में ये दोनों सीटें जीती थीं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अभी भी इन सीटों पर बातचीत करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि पीडब्ल्यूपी एमवीए का हिस्सा है।

# हर पार्टी में बागी, उन्हें मनाने की कोशिश जारी : फडणवीस

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि हर पार्टी में बागी उम्मीदवार होते हैं और पार्टी अधिकांश बागियों को मनाने और उनके नामांकन वापस लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ जगहों पर दोस्ताना मुकाबला होगा। फडणवीण ने सिंचाई घोटाले को लेकर एनसीपी प्रमुख अजित पवार के बयान को लेकर कहा कि दिवंगत आरआर पाटिल के खिलाफ पवार के आरोपों के बारे



में कुछ कहना उचित नहीं है। एक दिन पहले ही पवार ने दावा किया था प्रदेश का गृहमंत्री रहने के दौरान पाटिल ने सिंचाई घोटाले की खुली जांच का आदेश देकर उनके साथ विश्वासघात किया था।

### राज ठाकरे के बेटे का समर्थन करेगी भाजपा

फडणवीस ने कहा कि भाजपा अब भी माहिम सीट पर मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे का समर्थन करना चाहती है। यहां से सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति में शामिल शिवसेना ने उम्मीदवार उतारा है। फडणवीस ने कहा कि इस समस्या का समाधान ढूंढ़ने के प्रयास किए जाएंगे। फडणवीस ने कहा कि भाजपा और मुख्यमंत्री शिंदे के बीच अमित का समर्थन करने पर सहमति बनी थी। पर शिंदे गुट के नेताओं ने तर्क है कि अगर पार्टी चुनाव नहीं लड़ती है, तो उसके मतदाता शिवसेना (यूबीटी) की ओर चले जाएंगे।

# 'जय श्री राम बोलो तो मिलेगा खाना'

- मुंबई के भंडारे पर बढ़ा बवाल
- इमरान प्रतापगढ़ी भी कूदे

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल के बाहर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इसके साथ ही इस पर बवाल भी उठ खड़ा हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि अस्पताल के बाहर एक बुजुर्ग लोगों को खाना बांट रहे हैं और कतार में लगकर लोग वहां से खाना ले रहे हैं। लेकिन कथित तौर पर दावा किया जा रहा है कि इस बुजुर्ग ने खाना लेने आई एक मुस्लिम महिला को जय श्री राम का नारा लगाने को बाध्य किया और कहा कि जब तक नारा नहीं लगाओगे, खाना नहीं देंगे। इससे वह महिला चिढ़ जाती है। जिस समय ये वाकया हो रहा था, उसी समय वहां मौजूद एक शख्स इसका वीडियो बनाने लगा।



कथित वीडियो में दावा किया गया है कि बुजुर्ग ने उस महिला से बदतमीजी की है। इस मामले को लेकर एक खास समुदाय में भारी रोष देखा जा रहा है। वीडियो में कुछ लोगों को यह भी कहते देखा जा सकता है कि अगर खाना नहीं देना है तो मत दें लेकिन इस तरह जोर जबर्दस्ती से नारा नहीं लगवा सकते। वीडियो बनाने वाला वहां खड़े लोगों से पूछ रहा है कि क्या आपने जय श्री राम का नारा लगाया है। इस पर कई लोग कहते हैं कि इसमें बुराई क्या है और हमने ऐसा किया है।

### महिला और बुजुर्ग ने सुनाई आपबीती

एक महिला जिसने अपना मुंह ढका हुआ है, बताती है कि वो खाना लेने आई थी लेकिन खाना बांट रहे शख्स ने उससे जय श्रीराम का नारा लगाने को कहा। और जब उसने ऐसा नहीं किया तो उसे खाना देने से मना कर दिया। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि बुजुर्ग ने पीड़ित महिला को आतंकवादी कहा। बुजुर्ग शख्स ने कहा कि उन्होंने सिर्फ भगवान श्रीराम का नारा लगाने को कहा।

### इमरान प्रतापगढ़ी भी विवाद में कूदे

राज्यसभा सांसद और कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने इस मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'हमारे पैग़म्बर हजरत मुहम्मद साहब ने कहा था कि यदि आपका पड़ोसी भूखा है तो आप पर ख़ाना हराम है। वो पड़ोसी चाहे कोई भी हो, किसी भी धर्म का हो। ये कौन लोग हैं जो नफ़रत में डूबे हैं और किसी भूखे को खाना खिलाने के नाम पर धार्मिक नारे लगवाना चाहते हैं।

# त्योहार में विशेष ट्रेन की अवधि में विस्तार (70 फेरे)

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए निम्नलिखित विशेष ट्रेनों की अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया है।





### विवरण इस प्रकार है

1.पुणे-दानापुर-पुणे दिवाली/छठ स्पेशल प्रतिदिन (20 ट्रिप), ट्रेन संख्या 01205 पुणे-दानापुर स्पेशल, जो पहले 07.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 08.11.2024 से 17.11.2024 (10 ट्रिप) तक विस्तारित की गई है। ट्रेन संख्या 01206 दानापुर-पुणे स्पेशल, जो पहले 09.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 10.11.2024 से 19.11.2024 (10 ट्रिप) तक विस्तारित की गई है, 2. पुणे-दानापुर-पुणे दिवाली/छठ स्पेशल प्रतिदिन (18 ट्रिप),ट्रेन संख्या 01481 पुणे-दानापुर स्पेशल, जो पहले 11.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 12.11.2024 से 20.11.2024 (9 ट्रिप) तक विस्तारित की गई है। ट्रेन संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल, जो पहले 13.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 14.11.2024 से 22.11.2024 (09 ट्रिप) तक विस्तारित की गई है।
3. पुणे-नागपुर-पुणे दिवाली साप्ताहिक स्पेशल (4 ट्रिप), ट्रेन संख्या 01209 नागपुर-पुणे स्पेशल, जो पहले 09.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 16.11.2024 और 23.11.2024(2 ट्रिप) तक विस्तारित की गई है। ट्रेन संख्या 01210 पुणे-नागपुर स्पेशल एक्सप्रेस, जो पहले 10.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 17.11.2024 और 24.11.2024 (2 ट्रिप) तक विस्तारित की गई है। 4. पुणे-भगत की कोठी-पुणे दिवाली साप्ताहिक स्पेशल (4 ट्रिप), ट्रेन संख्या 01409 पुणे-भगत की कोठी स्पेशल जो पहले 04.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 11.11.2024 और 18.11.2024 (2 ट्रिप) तक विस्तारित की गई है (2 ट्रिप), ट्रेन संख्या 01410 भगत की कोठी-पुणे स्पेशल जो पहले 05.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 12.11.2024 और 19.11.2024 (2 ट्रिप) तक विस्तारित की गई है। 5. पुणे-गोरखपुर-पुणे दिवाली/छठ स्पेशल प्रतिदिन (18 ट्रिप), ट्रेन संख्या 01415 पुणे-गोरखपुर स्पेशल जो पहले 11.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 12.11.2024 से 20.11.2024 (9 ट्रिप) तक विस्तारित की गई है। ट्रेन संख्या 01416 गोरखपुर-पुणे स्पेशल, जो पहले 12.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 13.11.2024 से 21.11.2024 (9 ट्रिप्स) तक विस्तारित की गई है। 6. पुणे-निजामुद्दीन-पुणे दिवाली स्पेशल साप्ताहिक (06 ट्रिप्स),ट्रेन संख्या 01491 पुणे-निजामुद्दीन साप्ताहिक स्पेशल, जो पहले 01.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 08.11.2024, 15.11.2024 और 22.11.2024 (3 ट्रिप्स) तक विस्तारित की गई है। ट्रेन संख्या 01492 निजामुद्दीन-पुणे साप्ताहिक स्पेशल, जो पहले 02.11.2024 तक अधिसूचित थी, अब 09.11.2024, 16.11.2024 और 23.112024(3 ट्रिप्स) तक विस्तारित की गई है। उपर्युक्त ट्रेन के ठहराव और संरचना में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आरक्षणः ट्रेन संख्या 01205/01481/01209/01210/01409/01415 और 01491 के लिए बुकिंग 02.11.2024 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और www.irctc.co.in वेबसाइट पर खुलेगी।

# AIMIM ने 288 सीटों पर उतारे सिर्फ 14 उम्मीदवार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार तक दाखिल किए गए उम्मीदवारों के नामांकन की छंटाई के बाद चुनाव आयोग ने 7993 उम्मीदवारों को योग्य ठहराया है। साफ है कि राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए 7993 उम्मीदवारों के बीच घमासान छिड़नेवाला है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इन 7993 उम्मीदवारों में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएम) ने सिर्फ 14



उम्मीदवार मैदान में उतारेहैं। इससे यह सवाल उठने लगा है कि क्या एमआईएम ने बीजेपी को हराने की मंशा के तहत MVA के लिए खुला मैदान छोड़ दिया है या फिर महाराष्ट्र के मुसलमान ओवैसी को घास नहीं डाल रहे हैं। एमआईएम ने औरंगाबाद पूर्व से पूर्व सांसद सैयद इम्तियाज जलील, औरंगाबाद सेंट्रल से नासिर सिद्दीकी, धुले शहर से फारूक शाह अनवर, मालेगांव मध्य से मुफ्ती इस्माइल कासमी, भिवंडी पश्चिम से वारिस पठान, भायखला से फैयाज अहमद खान, मुंब्रा कलवा से सैफ पठान, वर्सोवा से रईस लश्करिया, सोलापुर से फारूक शबदी, मिराज (एससी) से महेश कांबले, मुर्तिजापुर (एससी) से सम्राट सुरवाड़े, कारंजा मनोरा से मोहम्मद यूसुफ, नांदेड दक्षिण से सैयद मोइन और कुर्ला (एससी) से बबीता कनाडे को चुनावी मैदान में उतारा है।

### एमवीए ने नहीं दिया भाव

लगभग 8.9 करोड़ की आबादी वाले महाराष्ट्र में 11.54% यानी कि करीब 1.3 करोड़ मुसलमान रहते हैं। लेकिन, देश में खुद को अल्पसंख्यकों का नेता कहनेवाले ओवैसी ने राज्य में सिर्फ 14 उम्मीदवार उतार कर सभी को सकते में डाल दिया है। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद एमआईएम को विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी में शामिल कराने के लिए उसके पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने बहुत प्रयास किया लेकिन नाकाम रहे। ऐसे में अंतर्कलह से जूझ रही एमआईएम को लेकर लोगों में यह जानने की उत्सुकता है कि क्या राज्य के अल्पसंख्यकों पर ओवैसी का जादू काम नहीं कर रहा है या फिर ओवैसी को जीतने योग्य उम्मीदवार नहीं मिले?

# पश्चिम रेलवे पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारत रत्न एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पश्चिम रेलवे ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने 30 अक्टूबर, 2024 को चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, पश्चिम रेलवे के सभी छह मंडलों पर दूरदर्शी राजनेता सरदार वल्लभभाई पटेल



की 149वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करने के वादे को दोहराती राष्ट्रीय एकता की शपथ, बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा ली गई। वेस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (WRSA) द्वारा महालक्ष्मी स्पोर्ट्स ग्राउंड में वडोदरा, रतलाम, राजकोट और भावनगर मंडलों, भावनगर और दाहोद कारखानों में और रतलाम और वलसाड के रेलवे माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया।

**पश्चिम रेलवे**

**बांद्रा और खार रोड स्टेशन के बीच नए रेल फ्लाईओवर का निर्माण**

उप मुख्य अभियंता/सी/सीसीजी आमंत्रित करते हैं **प्री-ईओआई बैठक नोटिस संख्या उप मुख्य अभियंता (सी)/सीसीजी/बीए-खार फ्लाईओवर/ईओआई दिनांक 22/10/2024. कार्य का नामः** बांद्रा स्टेशन (उपनगरीय) और खार रोड स्टेशन के बीच नए रेल फ्लाईओवर का निर्माण और पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल और बोरीवली स्टेशन के बीच छठी लाइन परियोजना के संबंध में मौजूदा फ्लाईओवर को हटाना. **प्री ईओआई बैठक की तिथि और समयः** 08.11.2024 को 11:00 बजे. **स्थानः** सम्मेलन कक्ष, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) का कार्यालय, पहली मंजिल, स्टेशन भवन, चर्चगेट, मुंबई 400 020, पश्चिम रेलवे. **वेबसाइट विवरणः** प्री-ईओआई मीटिंग नोटिस वेबसाइट wr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है.
0687

लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**E-Tender Notice No.: DRM-W-PA-E-Tend-2024-CO-25 to 31 dtd. 28.10.2024**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पुणे निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: **सीओ-25** - ADEN (अहमदनगर) के तहत दौंड-मनमाड खंड पर एसएसई पीवे (कोपरगांव) के तहत सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:**₹ 42,49,64,171.20. **बयाना राशि / बोली सुरक्षा**: ₹ 22,74,800/-. **सीओ-26** - ADEN (अहमदनगर) के तहत दौंड-मनमाड खंड पर SSE PWay (बेलापुर) के तहत सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य**: ₹ 24,53,54,828.26. **बयाना राशि / बोली सुरक्षा**: ₹ 13,76,800/-. **सीओ-27** - ADEN (अहमदनगर) के तहत दौंड-मनमाड खंड पर SSE PWay (दौंड और अहमदनगर) के तहत सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य** : ₹ 31,96,91,594.07. **बयाना राशि/बोली सुरक्षा**: ₹ 17,48,500/-. **सीओ-28** - ADEN (S) लोनावाला के तहत लोनावाला-पुणे खंड पर SSE/PWay (तलेगांव) के तहत सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य**: ₹ 42,03,80,354.82. **बयाना राशि/बोली सुरक्षा**: ₹ 22,51,900/-. **सीओ-29** - ADEN (S) लोनावाला के तहत लोनावाला-पुणे खंड पर SSE/PWay (ML/पुणे) के तहत सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य** : ₹ 31,74,44,763.81. **बयाना राशि/ बोली सुरक्षा**: ₹ 17,37,200/-. **सीओ-30**- ADEN (दौंड) के अधीन पुणे-दौंड खंड पर SSE/PWay (उरुळी) के तहत सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य** : ₹49,97,67,256.29. **बयाना राशि / बोली सुरक्षा**: ₹ 26,48,800/-. **सीओ-31** - ADEN (दौंड) के अधीन पुणे-दौंड खंड पर SSE/P Way दौंड के तहत सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य**: ₹ 25,34,82,723.33. **बयाना राशि/ बोली सुरक्षा**: ₹ 14,17,400/-. **समाप्ति तिथि और समय**: 19.11.2024 को 15:15 बजे तक। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।
AK-21

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

# सैटेलाइट बेस्ड सर्विलांस से पूरे देश को सुरक्षा कवच



**डॉ. शशांक द्विवेदी**

पिछले दिनों अंतरिक्ष से भारत की निगरानी प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने अंतरिक्ष आधारित निगरानी के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इसके तहत पृथ्वी की निचली और भूस्थिर कक्षाओं में जासूसी उपग्रहों का एक बड़ा समूह लॉन्च किया जाएगा। प्रस्ताव में निगरानी के लिए लो अर्थ ऑर्बिट और भूस्थैतिक कक्षा में 52 उपग्रहों का प्रक्षेपण शामिल है। कुल 26,968 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के तहत इसरो की ओर से 21 उपग्रहों का निर्माण व प्रक्षेपण होगा। बाकी 31 सैटेलाइट्स की जिम्मेदारी निजी कंपनियों के पास होगी।

अंतरिक्ष आधारित निगरानी (सैटेलाइट बेस्ड सर्विलांस यानी एसबीएस) 1 की शुरुआत साल 2001 में वाजपेयी सरकार के कार्यकाल में हुई थी। इसमें निगरानी के लिए 4 उपग्रहों (कार्टोसैट 2ए, कार्टोसैट 2बी, इरोस बी और रिसैट 2) का प्रक्षेपण शामिल था। एसबीएस 2 के तहत साल 2013 में 6 उपग्रहों (कार्टोसैट 2सी, कार्टोसैट 2डी, कार्टोसैट 3ए, कार्टोसैट 3बी, माइक्रोसैट 1 और रिसैट 2ए का लॉन्च शामिल था।

ऐसे समय में जब देश पाकिस्तान के साथ पश्चिमी सीमा, चीन के साथ उत्तरी सीमा पर सुरक्षा चिंताओं और हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी जासूसी जहाजों और पनडुब्बियों द्वारा बढ़ती समुद्री निगरानी का सामना कर रहा है, एसबीएस 3 के तहत अगले पांच साल में 52 उपग्रह लॉन्च करने का लक्ष्य रखा गया है। जो भारत में 'आसमान से नजर रखने वाली आंखों' की संख्या में वृद्धि करेंगे, जिससे भारत की भूमि और समुद्री सीमाओं की अंतरिक्ष-आधारित निगरानी प्रणाली को बल मिलेगा। तीनों सर्विसेज के पास अपने भूमि, समुद्र या वायु-आधारित मिशनों के लिए उपग्रह होंगे। उपग्रह मौसम या वायुमंडलीय स्थितियों से अप्रभावित होकर लगातार कार्य करेंगे, जिससे अंतरिक्ष में स्थितियों व वस्तुओं की निरंतर निगरानी होगी। नए उपग्रह अंतरिक्ष में उपग्रहों का अधिक सटीक रूप से पता लगाने और उन पर नजर रखने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करेंगे।

सैटेलाइट का नया बेड़ा कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित होगा, जो पृथ्वी पर 'भू-खुफिया' जानकारी एकत्र करने के लिए अंतरिक्ष में एक-दूसरे के साथ संपर्क में रहेगा। इससे हमारे उपग्रहों के बीच संचार होगा, ताकि अगर कोई उपग्रह 36,000 किमी की ऊंचाई पर जिओ (जियोसिंक्रोनस इक्वेटोरियल ऑर्बिट) में कुछ पता लगाता है, तो वह निचली कक्षा (400-600 किमी की ऊंचाई पर) में दूसरे उपग्रह से अधिक सावधानी से जांच करने और फिर हमें अधिक जानकारी देने के लिए कह सकता है। यह क्षमता निगरानी तंत्र को बहुत विशिष्ट बनाती है। वर्तमान में भारत में संचार सेवाओं के लिये 200 से अधिक ट्रांसपोंडरों का उपयोग हो रहा है। इन उपग्रहों के माध्यम से भारत में दूरसंचार, टेलीमेडिसिन, टेलीविज़न, ब्रॉडबैंड, रेडियो, आपदा प्रबंधन, खोज और बचाव अभियान जैसी सेवाएं प्रदान कर पाना संभव हुआ है। फिलहाल भारत का ध्यान उन क्षमताओं को हासिल करने पर है जो इंडो-पैसिफिक में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगा सकें। साथ ही, सीमा से लगे जमीनी और समुद्री इलाकों में बुनियादी ढांचे के निर्माण को ट्रैक कर सकें। एसबीएस -3 मिशन को अमेरिका स्थित जनरल एटॉमिक्स से 31 प्रीडेटर ड्रोन के भारतीय अधिग्रहण में मदद मिलेगी। इस प्लेटफॉर्म में वेपन पैकेज के अलावा बहुत शक्तिशाली निगरानी क्षमताएं हैं। भारत ने 29 मार्च, 2019 को टेस्ट फायरिंग के जरिए अपनी एंटी-सैटेलाइट क्षमताओं का परीक्षण किया, जब भारतीय मिसाइल ने कक्षा में जीवित उपग्रह को नष्ट कर दिया था।

वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष उद्योग का आकार 350 बिलियन डॉलर है। इसके वर्ष 2025 तक बढ़कर 550 बिलियन डॉलर होने की संभावना है। इस प्रकार अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण बाज़ार के रूप में विकसित हो रहा है। इसरो ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं किंतु भारत का अंतरिक्ष उद्योग 7 बिलियन डॉलर के आसपास है, जो वैश्विक बाजार का केवल 2 प्रतिशत ही है। भारत के अंतरिक्ष उद्योग के इस आकार में ब्रॉडबैंड तथा डीटीएच सेवाओं का हिस्सा करीब दो-तिहाई है।

हाल के नीतिगत सुधारों के बावजूद, भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में अभी भी सरकारी संस्थाओं का ही प्रभुत्व बना हुआ है। हालांकि स्काईरूट एयरोस्पेस और अग्निकुल कॉसमॉस जैसे स्टार्टअप ने प्रगति की है, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अंतरिक्ष क्षेत्र में शैक्षिक संस्थानों, उद्योग और सरकारी एजेंसियों के बीच तालमेल अभी भी अपर्याप्त है। यद्यपि विश्वविद्यालयों के साथ इसरो की संलग्नता बढ़ी है, फिर भी इसका दायरा एवं पैमाना अभी सीमित ही है। निजी भागीदारी को तेज़ी से बढ़ाने के लिये एक अंतरिक्ष क्षेत्र रूपांतरण कार्यक्रम क्रियान्वित किया जाना चाहिए। अंतरिक्ष से संबंधित लाइसेंसिंग और अनुमोदन के लिये एक वन-स्टॉप-शॉप की स्थापना की जाए। निवेश आकर्षित करने के लिये कर प्रोत्साहन और सरलीकृत विनियमनों के साथ अंतरिक्ष उद्यम क्षेत्रों का सृजन किया जाए। इसरो की सुविधाओं और विशेषज्ञता को निजी संस्थाओं के साथ साझा करने के लिये एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल का विकास किया जाना चाहिए। बहरहाल, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हालिया वर्षों में ऐसी कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसने अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी कहे जाने वाले अमेरिका और रूस जैसे देशों को भी चौंकाया है। कुल मिलाकर सैटेलाइट बेस्ड सर्विलांस से सशस्त्र बलों की प्रत्येक शाखा के पास अपने विशिष्ट संचालन के लिए समर्पित उपग्रह होंगे।

संपादकीय

## आत्मनिर्भरता की उड़ान

अक्सर कहा जाता रहा है कि भारतीय सेना के युद्धक व मालवाहक विमान पुराने पड़ चुके हैं। निस्संदेह, वायुसेना व सेना को इसकी कीमत भी चुकानी पड़ती थी। लेकिन यह सुखद है कि देश में पहली बार एक स्वदेशी निजी कंपनी आत्मनिर्भर भारत अभियान को संबल देकर देश में सेना के लिये युद्धक विमानों का निर्माण करेगी। जब वडोदरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके स्पेनिश समकक्ष पेद्रो सांचेज ने टाटा एअरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स में इस महत्वाकांक्षी परियोजना की बुनियाद रखी, तो निश्चय ही भारत एक नये युग में प्रवेश कर रहा था। पहली बार कोई निजी कंपनी विमान निर्माण के क्षेत्र में कदम रख रही थी। वह भी देश का भरोसेमंद और एअर इंडिया का उद्धार करने वाला टाटा समूह का उपक्रम। निश्चित ही हम 'मेक इन इंडिया' के संकल्प को हकीकत बनता देख रहे हैं। साथ ही हम उस दाग को धोने की तरफ भी आगे बढ़े हैं कि जिसके बाबत कहा जाता है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार खरीददार देशों में शुमार है। उल्लेखनीय है कि टाटा एडवांस सिस्टम्स लिमिटेड और स्पेन की एअरबस के संयुक्त उपक्रम में 40 सी-295 विमानों का निर्माण होगा। यह भी कि स्पेन व भारत के मध्य कुल 56 विमानों को लेकर समझौता हुआ था, जिसमें 16 तैयार विमान स्पेन से भारत को मिलने हैं। दरअसल, सी-295 विमान सैनिकों, साजो-सामान तथा हथियारों को लाने-ले जाने में खासा मददगार होता है। साथ ही यह छोटी हवाई पट्टी व दुर्गम इलाकों से भी उड़ान भर सकता है। यह अच्छी बात है कि बीते कुछ वर्षों में भारत सरकार ने उन्नत एवं तकनीकी क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने को अपनी प्राथमिकता बनाया है। जिसमें रक्षा उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों, इलेक्ट्रिक वाहनों, ग्रीन हाइड्रोजन तथा सेमीकंडक्टर का उत्पादन शामिल है। अपने इस अभियान में सरकार ने न केवल विदेशी निवेश को आमंत्रित किया बल्कि देश के निजी क्षेत्र को भरपूर संसाधन व पर्याप्त मौके उपलब्ध कराए हैं। तय मानिये कि आने वाले वाले वर्षों में इसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। निश्चित रूप से केंद्र सरकार की ऐसी कोशिशों से जहां हम रक्षा उत्पादन के क्षेत्रों में आत्मनिर्भर होंगे, वहीं इससे देश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ऐसा करके हम न केवल अपने दुर्लभ विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ा सकते हैं बल्कि इन उत्पादों के निर्यात की दौड़ में भी शामिल हो सकते हैं। यकीनी तौर पर देश की अर्थव्यवस्था को भी इससे बड़ा संबल मिलेगा। बहरहाल, यह तय है कि भारतीय सेना में सी-295 विमानों के शामिल होने से हम पुराने रूसी विमानों के जोखिम से भी बच सकेंगे। साथ ही सामरिक क्षेत्र में यह देश की बढ़त भी होगी। वहीं देश में रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। कहा जा रहा है कि देश में सी-295 की निर्माण परियोजना से तीन हजार प्रत्यक्ष और 15 हजार परोक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा बड़ोदरा व उसके आसपास के इलाके की आर्थिकी को नई गति भी मिलेगी। वहीं इन विमानों में उपयोग होने वाले स्वदेशी कल-पुर्जों से भी विभिन्न आय के साधन विकसित होंगे। विगत के अनुभव रहे हैं कि भारत के मुश्किल वक्त में हथियारों की आपूर्ति में विदेशी सरकारों ने मदद करने में आनाकानी की थी। लेकिन बहुत संभव है कि सी-295 परियोजना की सफलता के बाद भारत रक्षा उत्पादों के निर्यात में भागीदारी कर सकेगा।

शख्सियत | सर्बानंद सोनोवाल

## एक दूरदर्शी नेता




सर्बानंद सोनोवाल, एक प्रमुख भारतीय राजनीतिज्ञ, वर्तमान में नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री और आयुष (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। 31 अक्टूबर, 1962 को असम के मोलोकगांव में जन्मे सोनोवाल ने असम और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सोनोवाल ने 1980 के दशक में ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (AASU) के साथ अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की, जहाँ उन्होंने स्वदेशी लोगों के अधिकारों की रक्षा और अवैध आव्रजन को संबोधित करने के उद्देश्य से आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया। AASU के भीतर उनके नेतृत्व ने असम के लोगों के प्रति उनके समर्पण को उजागर किया और उनकी भविष्य की राजनीतिक यात्रा की नींव रखी। 2001 में, वह असम गण परिषद (AGP) में शामिल हो गए और डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य (MP) के रूप में चुने गए। हालांकि, 2011 में, उन्होंने अपने राजनीतिक प्रभाव का विस्तार करने और क्षेत्रीय विकास में अधिक योगदान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। 2014 में, सोनोवाल ने लखीमपुर से लोकसभा सीट जीती और बाद में उन्हें युवा मामले और खेल मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। उनके कार्यकाल ने पूर्वोत्तर के एथलीटों पर ध्यान आकर्षित किया, क्षेत्र में खेल और विकास को बढ़ावा दिया। हालांकि, उनकी प्रमुख राजनीतिक उपलब्धि 2016 में आई जब उन्हें असम का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया। सोनोवाल राज्य में इस पद को संभालने वाले पहले भाजपा नेता बने, जिन्होंने असम के विकास को मजबूत करने और अवैध आव्रजन और बुनियादी ढांचे की कमी जैसे लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों से निपटने के लिए नेतृत्व किया।

जीवन मंत्र | **जे कृष्णमूर्ति**

## कर्म से मुक्त जीवन कहां

> मैं निर्धन हूं और धनी होने का लक्ष्य रखकर अपने क्रिया-कलाप करता हूं। मैं कुरूप हूं और सुंदर बनना चाहता हूं। हमारा जीवन कुछ बनते रहने की प्रक्रिया है। चेतना के अलग-अलग स्तरों पर, अलग-अलग अवस्थाओं में, जहां चुनौतियां हैं, वहां जीवित रहने की चाह, कुछ बनने की चाह से पृथक नहीं है।



हममें से ज्यादातर व्यक्ति कर्मों की एक श्रृंखला के बीच जीते हैं और वे कहीं से भी आपस में जुडे.हुए या संबंधित नहीं लगते और इसलिए विघटन एवं कुंठा की ओर ले जाते हैं। विचार कर्म है और चेतना के किसी विशेष स्तर पर, यानी बाहरी स्तर पर कर्म का अनुशीलन करना, अर्थात स्वयं कर्म की संपूर्ण प्रक्रिया को बिना समझे बाह्य कर्म में उलझे रहना अनिवार्यतः हमें कुंठा और दुख की ओर ले जाएगा।

हमारा जीवन चेतना के विभिन्न स्तरों पर कर्म की प्रक्रिया है। चेतना का अर्थ है अनुभव करना, दर्ज करना और स्मृति के रूप में लेखा-जोखा रखना। तात्पर्य यह है कि चेतना चुनौती और उसका प्रत्युत्तर है। यह सिलसिला ही कर्म है। क्या ऐसा ही नहीं है? बिना चुनौती और प्रत्युत्तर, बिना अनुभव, शब्दीकरण और अभिलेखन के, जो स्मृति है, कोई कर्म संभव नहीं है।

कर्म कर्ता को निर्मित करता है, कहने का तात्पर्य यह है कि कर्ता का अस्तित्व तभी होता है, जब कर्म के सामने कोई परिणाम, कोई लक्ष्य हो। यदि कर्म में परिणाम का कोई सरोकार न हो, तो कर्ता भी नहीं होगा; लेकिन यदि कोई लक्ष्य या परिणाम सामने है, तो कर्म कर्ता को निर्मित कर देगा। इस तरह कर्ता, कर्म और लक्ष्य या परिणाम एक ही प्रक्रिया है, जो तभी अस्तित्व में आती है, जब कर्म का कोई दृष्टिगत लक्ष्य होता है। किसी परिणाम के लिए कर्म करना ही संकल्प है, अन्यथा संकल्प का प्रश्न ही कहां है? किसी लक्ष्य को पाने की इच्छा संकल्प है और यही कर्ता है, यानी मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं, मैं किताबें लिखना चाहता हूं, धनी होना चाहता हूं या चित्रकार बनना चाहता हूं।

हम इन तीनों स्थितियों, यानी कर्ता, कर्म और लक्ष्य से परिचित हैं। यही हमारा नित्य-प्रति का जीवन है। 'जो है', मैं उसकी ही बात कर रहा हूं, लेकिन 'जो है' उसे कैसे बदला जाए, यह हमारी समझ में तभी आएगा, जब हम उसकी बारीकी से पड़ताल करेंगे, ताकि उस बारे में कोई भ्रम, पूर्वग्रह या पक्षपात न रह जाए।

कर्ता, कर्म और परिणाम की स्थितियां, जिनसे हमारा अनुभव निर्मित होता है, कुछ बनने की प्रक्रिया हैं। अन्यथा बनने जैसा कुछ नहीं होता। यदि कोई कर्ता न हो और किसी लक्ष्य के लिए कोई कर्म न हो, तो कुछ बनना नहीं हो सकता, लेकिन जो जीवन हम जीते हैं, वह कुछ बनने की ही प्रक्रिया होता है। मैं निर्धन हूं और धनी होने का लक्ष्य रखकर अपने क्रिया-कलाप करता हूं। मैं कुरूप हूं और सुंदर बनना चाहता हूं। हमारा जीवन कुछ बनते रहने की प्रक्रिया है। चेतना के अलग-अलग स्तरों पर, अलग-अलग अवस्थाओं में, जहां चुनौतियां हैं, वहां जीवित रहने की चाह, कुछ बनने की चाह से पृथक नहीं है।

जीवन ऊर्जा

चियांग काई-शेकः जन्म- 31 अक्टूबर 1887 | जन्म


## अनुशासन के बिना, कोई प्रगति संभव नहीं है

> जेम्स बॉस्वेल का जन्म 29 चियांग काई-शेक, जिनका जन्म 31 अक्टूबर 1887 को हुआ था और जिनकी मृत्यु 5 अप्रैल 1975 को हुई थी, एक चीनी सैन्य और राजनीतिक नेता थे, जिन्होंने 1928 से 1975 तक चीन गणराज्य का नेतृत्व किया था। नेशनलिस्ट पार्टी के नेता के रूप में, उन्होंने चीन को एकीकृत करने और जापानी आक्रमण का विरोध करने का प्रयास किया, और अंततः ताइवान में निर्वासित सरकार की स्थापना की।



हमें दृढ़ विश्वास होना चाहिए कि हर बाधा एक बड़ी सफलता की तैयारी है। जितनी अधिक कठिनाइयां कोई पार करता है, उतनी ही अधिक शक्ति उसे प्राप्त होती है। सच्ची जीत दूसरों को हराने में नहीं बल्कि खुद पर विजय पाने में निहित है। धैर्य और दृढ़ता, साहस के साथ मिलकर, सफलता के लिए आवश्यक हैं। एकता ही शक्ति है; केवल एक साथ मिलकर ही हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। हमें धैर्य रखना चाहिए, क्योंकि एक पहाड़ को भी बनने में वर्षों लग जाते हैं। अपनी शिक्षा में विनम्र रहें, फिर भी अपनी उपलब्धियों पर गर्व करें। सफलता उन्हें मिलती है जो कभी भी विश्वास नहीं खोते, चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न हों। कठिनाइयों के माध्यम से ही चरित्र प्रकट होता है और लचीलापन बनता है। हमारी सबसे बड़ी महिमा कभी न गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरने पर उठने में है। अनुशासन के बिना, कोई प्रगति संभव नहीं है, और अनुशासन स्वयं से शुरू होता है। सच्चा साहस भय की अनुपस्थिति में नहीं है, बल्कि उसका सामना करने की क्षमता में है। एक नेता की सबसे बड़ी ताकत अपने लोगों और देश के प्रति उसका समर्पण है। कोई भी व्यक्ति पहले खुद को बदले बिना दुनिया को नहीं बदल सकता।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



(भाग 1)

## विष्णु सहस्त्र नाम के पाठ की महिमा

जिन पापों की शुद्धि के लिए कोई उपाय नहीं, उनके लिए भगवान के सहस्त्रनामों का पाठ सर्वोत्तम उपाय माना जाता है । सहस्त्रनामों के पाठ से स्वाध्याय का व मंत्र-जप करने का पुण्य प्राप्त हो जाता है; साथ ही मनुष्य के सभी दुःख-दारिद्रय, ऋण आदि दूर हो जाते हैं।

सहस्त्रनाम का पाठ रोग हरने वाला, राज्यसुख देने वाला, पुत्र-पौत्र देने वाला, आयुप्रद और सभी मंगलों को देने वाला माना जाता है सहस्त्रनाम के एक-एक अक्षर की महिमा का वर्णन नहीं किया जा सकता है।

वैसे तो सभी देवताओं के सहस्त्रनाम का अति महत्व है; किन्तु सात्विकता की दृष्टि से विष्णु सहस्त्रनाम' के पाठ की विशेष महिमा है क्योंकि भगवान विष्णु सत् गुण के अधिष्ठातृ देवता और संसार का पालन करने वाले हैं ।

वामन पुराण में कहा गया है

नारायणो नाम नरो नराणां<br>
प्रसिद्धचौरः कथितः पृथिव्याम् ।<br>
अनेकजन्मार्जित पापसंचयं<br>
हरत्यशेषं श्रुतमात्र एव ।।



अर्थात्पृथ्वी में नारायण नामरूपी नर प्रसिद्ध चोरकहा जाता हैक्योंकि वह कानों में प्रवेश करते ही मनुष्यों के अनेक जन्मार्जित पापों के सारे संचय को एकदम चुरा लेता है ।'

विष्णु सहस्त्रनाम के चार स्वरूप उपलब्ध हैं

महाभारत अनुशासन पर्व के अध्याय १४९ में वर्णित सहस्त्रनाम-यह भीष्म पितामह द्वारा धर्मराज युधिष्ठिर को बताया गया हैं ।

पद्म पुराण (६।७२) मेंयह सहस्त्रनाम भगवान शिव ने पार्वतीजी से कहा है और सबसे पुराना है ।

स्कन्द पुराण के (५।१।७४) में-यह सहस्त्रनाम ब्रह्माजी ने देवताओं को सुनाया था ।

गरुड़ पुराण अध्याय १५ मेंयह भगवान श्रीहरि ने भगवान रुद्र को बताया था ।

महाभारत के अनुशासन पर्व में भीष्मप्रोक्त 'विष्णु सहस्त्रनाम' विशेष प्रसिद्ध है यह द्वापर के अंत का है ।

विष्णु सहस्त्रनाम की महिमा बताते हुए भीष्म पितामह जब बाणों की शय्या पर थे तो उन्होंने धर्मराज युधिष्ठिर को धर्म के विभिन्न रहस्यों पर उपदेश दिया । युधिष्ठिर ने पितामह भीष्म से प्रश्न कियापरम धर्म क्या है और किसका जप करने से मनुष्य जन्म-मरण रूपी संसार-बंधन से मुक्त हो जाता है ?'

इसका उत्तर देते हुए भीष्म पितामह कहते हैंभगवान नारायण का दर्शन करते हुए शांति से विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना ही मनुष्य का परम धर्म है । मेरा नियम है कि विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किए बिना मैंने कभी पानी भी नहीं पिया है

एक बार युधिष्ठिर ने देखा कि भगवान श्रीकृष्ण पुलकित शरीर होकर ध्यान में बैठे हैं । ध्यान पूरा होने पर युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से पूछा-'प्रभु सब लोग आपका ध्यान करते हैं, आप किसका ध्यान कर रहे थे

भगवान श्रीकृष्ण ने कहा-'मेरा भक्त शरशय्या पर पड़ा मेरा ध्यान कर रहा है और मैं अपने उस प्रिय भक्त का ध्यान कर रहा था, मैं उनके स चला गया था।

(क्रमशः)



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## हर काम में अपना बेस्ट दें, मिलेगी कामयाबी

आज की बात हमारी प्रोफेशनल सक्सेस के लिए बेहद जरूरी है। हम अक्सर कोई काम करते हुए बोरियत या ऊबन महसूस करने लगते हैं। काम करना जरूरी है, इसलिए उसे जैसे-तैसे बस खत्म कर देते हैं। मगर ऐसा करते हुए हम यह नहीं समझ पाते हैं कि हम भले बेमन से काम कर रहे हैं, लेकिन समय तो पूरा ही दे रहे हैं। दूसरी बात बेमन से काम करके हम अपने प्रोफेशन के साथ भी तो नाइंसाफी कर रहे हैं। हम जो काम करने के लिए सौंपा गया है, वो हमारी विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए सौंपा गया है। इस लिए काम से जी चुराना मतलब अपनी काबीलियत को कम करना है। इससे बेहतर जब काम का जी न करे, तो उसे करने से इनकार कर दें। यही बात हमारी आज की कहानी में भी बताई जा रही है।

एक कारीगर बहुत सालों से एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ मकान बनाने का काम करता था। लेकिन अब वह बहुत वृद्ध हो चला था और उससे मकान बनाने का मेहनत भरा काम नहीं हो पाता था इसलिए उसने अपने काम से हमेशा के लिए अलग होने का मन बनाया ताकि अपनी बची हुई थोड़ी बहुत जिंदगी वह अपने परिवार वालों के साथ व्यतीत कर सके। वह अपने मालिक के पास गया और अलग होने के फैसले के बारे में बताया। उसकी बात सुनकर मालिक को मन ही मन दुख हुआ क्योंकि वह का ईमानदार और अनुभवी कारीगर था। लेकिन फिर भी मालिक ने उससे कहा, 'ठीक है। मैं आपकी परेशानी समझ सकता हूं। क्या आप रिटायर होने से पहले एक आखिरी मकान बनाएंगे?'

अपने मालिक का मान रखते हुए उसने अंतिम मकान बनाने के लिए अपनी सहमति दे दी। वह जल्दी से जल्दी उस मकान को बनाकर काम खत्म कर देना चाहता था, इसलिए उसने कई शॉर्टकट तरीके अपनाए और अधूरे प्रयास करते हुए बे-मन से उस मकान को जल्द से जल्द बनाकर तैयार कर दिया। जब मकान बनकर तैयार हो गया, तो मालिक उस मकान का मुआयना करने आया और मिस्त्री के हाथ में उस मकान की चाबी देते हुए कहा, 'यह मेरी तरफ से आपका रिटायरमेंट गिफ्ट है।'

कारीगर अवाक रह गया। उसे अपने बनाए आखिरी मकान के प्रति यह सोचकर अफसोस हुआ कि कितना बेहतर होता अगर मैं इस मकान को भी उतने ही उत्साह व लगन के साथ बनाता, जितने आज से पहले तक बनाए थे।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

न्यूज़ ब्रीफ

### पीछे हट गई चीन की सेना, अब दिवाली पर कराएंगे मुंह मीठा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन की सेनाएं लद्दाख में मोर्चे से पीछे हट गई हैं। अब दोनों देशों की सेनाएं अपनी उन परंपरागत चौकियों पर ही तैनात रहेंगी, जहां 2020 में हुई झड़प से पहले होती थीं। सेना के सूत्रों ने कहा कि अब सीमा पर नियमित पेट्रोलिंग ही होगी। यह कदम दोनों देशों के बीच शांति काल की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। सैन्य सूत्रों ने कहा कि दोनों सेनाएं गुरुवार को दिवाली के मौके पर एक-दूसरे को मिठाई देंगी। पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक में दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट गई हैं। सेना के सूत्रों ने कहा कि दोनों सेनाओं के बीच कमांडर लेवल की बातचीत आगे भी जारी रहेगी। फिलहाल तनाव समाप्त हो गया है और दोनों देशों की चौकियां परंपरागत स्थानों पर पहले की तरह रहेंगी। इस तरह करीब 4 साल के बाद चीन और भारत के बीच सीमा पर हालात सामान्य हुए हैं। माना जा रहा है कि आगे दोनों देशों के रिश्ते थोड़े और सामान्य हो सकते हैं। भारत ने 2020 में हुई झड़प के बाद कड़ा ऐक्शन लेते हुए कई चीनी कंपनियों पर पाबंदी लगा दी थी। इसके अलावा कई सेक्टरों में निवेश को भी नियंत्रित किया गया था।

### भांजे के सामने मामा का मर्डर : UP के लिए पकड़नी थी ट्रेन, मार दिया चाकू

**जबलपुर।** परिवार के साथ दीपावली की खुशियां मनाने की हसरत पाले एक रेल यात्री की मध्य प्रदेश के जबलपुर में सनसनीखेज हत्या कर दी गई। यह हत्या भी महज 200 रुपए के लिए की गई। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, गुजरात से ट्रेन में सवार होकर चंद्रभान रैदास नाम का शख्स उत्तर प्रदेश के बांदा जाने के लिए जबलपुर रेलवे स्टेशन पर उतरा था, क्योंकि उसकी मंजिल के लिए अगली ट्रेन जबलपुर से शुरू होने वाली थी। ट्रेन आने में 1 घंटे का समय था। लिहाजा चंद्रभान अपने भांजे वासु के साथ प्लेटफार्म से बाहर चाय पीने निकला था कि इसी बीच उसका मौत इंतजार कर रही थी।

### यूक्रेन युद्ध में किम जोंग की एंट्री ने यूरोप से US तक की उड़ाई नींद

**नई दिल्ली।** यूक्रेन-रूस जंग में अब सनकी तानाशाह किम जोंग उन के शासनवाले उत्तर कोरिया के भी कूदने की खबर है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने इस युद्ध में रूस की मदद करने के लिए करीब 10 हजार सैनिकों को भेजा है, जो यूक्रेन के मुंहाने पर खड़े हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उत्तर कोरियाई सैनिक यूक्रेन सीमा से कुछ ही मील की दूरी पर डटे हुए हैं। NATO प्रमुख ने जहां इस कदम को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में एक अहम मोड़ करार दिया है, वहीं अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने इस बात पर चिंता जताई है कि रूस इन सैनिकों का इस्तेमाल कुर्स्क क्षेत्र में कर सकता है, जहां यूक्रेनी सैनिकों ने अगस्त में भारी आक्रमण और कब्जा किया था। NATO के महासचिव जनरल मार्क रूट ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती और भागीदारी से एक तरफ हिन्द-प्रशांत महासागर तो दूसरी तरफ यूरोपीय-अटलांटिक क्षेत्र में सुरक्षा खतरों को बढ़ावा मिल सकता है और इससे क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता खड़ी हो सकती है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बार फिर से यूक्रेन के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया है।

# आतंकियों के खिलाफ 11 साल में दूसरी बार टैंकों का इस्तेमाल

एजेंसी | जम्मू

करीब 11 सालों के अरसे के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के साथ होने वाली मुठभेड़ में सेना अपने टैंकों और बख्तरबंद वाहनों का इस्तेमाल करने पर मजबूर हुई है। हालांकि पिछले साल ही उसने एक मुठभेड़ में मीडियम तोपखाने के साथ ही इजराइल से प्राप्त शक्तिशाली हरोन ड्रोन का इस्तेमाल आतंकियों को नेस्तनाबूद करने के लिए किया था।



### सेना ने इसकी पुष्टि की

सेना ने इसकी पुष्टि की है कि उसने अखनूर सेक्टर के बटल में आतंकियों को मार गिराने के लिए अपने बख्तरबंद वाहन बीएमपी 2 अर्थात एपीसी का इस्तेमाल इसलिए किया था, क्योंकि भोगौलिक परिस्थितियों को देखते हुए सैनिकों को इस तरह की शील्ड की जरूरत पड़ गई थी। यही कारण का था कि सेना दावा करती है कि इनके इस्तेमाल के कारण ही इस मुठभेड़ में उसे किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं उठानी पड़ी है।

### अखनूर एनकाउंटर पर मेजर जनरल ने किया खुलासा

जानकारी के लिए जिन टैंकों अर्थात बीएमपी–2 का इस्तेमाल किया गया, वे एक बख्तरबंद वाहन हैं यानी इन पर गोलियों और आईईडी का कोई असर नहीं होता है। मेन वेपन के तौर पर इस वाहन पर 30 एमएम की आटो कैनन अटैच होती है। ये 1 मिनट के अंदर 800 राउंड फायरिंग कर सकती है। ऑटो कैनन के साथ ही बीएमपी–2 पर एक हैवी मशीनगन भी लगी होती है।

### बीएमपी-2 की सबसे बड़ी पॉवर इसकी एंटी टैंक गन

भारतीय सेना की बीएमपी–2 की सबसे बड़ी पॉवर इसकी एंटी टैंक गन है, जो नाग मिसाइल से लैस रहती है यानी युद्ध के मैदान में बीएमपी 2 किसी मेन बैटल टैंक को भी तबाह करने में सक्षम है। अधिकारियों ने बताया कि करीब 1 दर्जन बीएमपी टैकों को कल मुठभेड़ के दौरान मैदान में उतारा गया था, जो इलाके में पहले से ही तैनात थे। वैसे यह कोई पहली बार नहीं था कि सेना को आतंकियों से मुठभेड़ में टैंकों का इस्तेमाल करना पड़ा हो बल्कि वर्ष 2013 में सितंबर महीने में ही सांबा के मेहसर इलाके में टैंक यूनिट पर आतंकी हमले के दौरान भी टैंकों का इस्तेमाल किया गया था। तब साम्बा के निकट महेसर सैन्य शिविर पर हुए इसी प्रकार के हमले में लेफ्टिनेंट कर्नल बिक्रमजीत सिंह समेत सेना के 3 जवान शहीद हो गए थे। शिविर में हुए हमले में इकाई के एक अन्य कर्नल स्तर के एक कमान अधिकारी (सीओ) समेत 3 लोग घायल भी हुए थे। यहां 16 कैवेलरी की एक इकाई तैनात है। सांबा ब्रिगेड 9 कोर से ताल्लुक रखती है जिसका मुख्यालय हिमाचल प्रदेश है। यह सेना की पश्चिमी कमान का हिस्सा है।



### अनंतनाग के कोकरनाग इलाके में 8 दिनों तक चली जंग

इसी तरह पिछले साल 15 सितंबर को अनंतनाग के कोकरनाग इलाके में 8 दिनों तक चली जंग का खास पहलू यह था कि ऊंची पहाड़ियों पर काबिज आतंकियों से निपटने को सेना को पहली बार मीडियम रेंज के तोपखाने के साथ ही सबसे अधिक शक्तिशाली हरोन मार्क 2 ड्रोन का भी इस्तेमाल आतंकियों पर बम बरसाने में करना पड़ा था। यह कश्मीर की पहली ऐसी मुठभेड़ भी कही जा सकती थी जिसमें पहली बार इजराइल से प्राप्त हरोन मार्क 2 जैसे खतरनाक ड्रोन का इस्तेमाल आतंकियों के संभावित ठिकानों पर बमबारी करने में किया गया था, जबकि आतंकी ऊंची पहाड़ी पर थे, जहां पहुंच मुश्किल थी और इसकी खातिर सेना ने छाताधारी सैनिकों को उतारने के साथ ही मीडियम रेंज के तोपखानों से भी गोले बरसाए गए थे।

# अस्पताल के बैंक खाते से साइबर जालसाजों ने उड़ाए 29 लाख रुपए, ई मेल भी हैक किया

एजेंसी | नई दिल्ली

ओडिशा के कटक में साइबर ठगी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। जिसमे बुधवार को कटक के एक प्राइवेट अस्पताल के बैंक खाते से साइबर जालसाजों ने 29 लाख रुपए उड़ा लिए हैं, बदमाशों द्वारा अस्पताल की ईमेल आईडी भी हैक कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, आरोप है कि साइबर जालसाजों ने लाभार्थियों के बजाय अपने बैंक खातों में रूपए ट्रांसफर कर लिए हैं। मामले की आजच करते हुए इस सिलसिले में साइबर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

### दो अन्य आरोपियों की तलाश भी शुरू



बताया जा रहा है कि साइबर पुलिस ने कथित तौर पर दो अन्य आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी है। फौरी तौर पर पुलिस ने जालसाजों के बैंक खाते को फ्रीज कर दिया है। पुलिस ने अदालत से अनुरोध किया है, कि जालसाजों के बैंक खाते से पैसे ट्रांसफर करने की अनुमति दी जाए। इसके पहले ओडिशा की राजधानी में 16 अक्टूबर को पुलिस की सूझबूझ से एक साइबर ठगी की बड़ी साजिश नाकाम हो गई। सुंदरपाड़ा के एक अपार्टमेंट में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है। जानकारी के मुताबिक, मौके से सिम बॉक्स जैसे डिवाइस मिले हैं। पुलिस ने इस सिलसिले में छह लोगों को हिरासत में लिया है और सच्चाई जानने के लिए उनसे पूछताछ कर रही है। सुंदरपाड़ा इलाके में कंचन अपार्टमेंट के ए ब्लॉक के अपार्टमेंट नंबर 205 में फर्जी कॉल सेंटर चल रहा था।

### छह लोग साइबर ठगी के लिए लोगो को भेज रहे थे लिंक

सूत्रों के अनुसार, अपार्टमेंट में काफी समय से कॉल सेंटर चलाया जा रहा था। पुख्ता सूत्रों से सूचना मिलने के बाद साइबर पुलिस और एयरफील्ड थाना पुलिस ने आज छापेमारी की है। साइबर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि इस रैकेट में कौन–कौन लोग शामिल हैं और यह यहां कब से चल रहा था। मामले की आगे की जांच जारी है। पता चला है, कि हिरासत में लिए गए छह लोग साइबर ठगी के लिए लोगो को लिंक भेज रहे थे। इसके साथ ही पुलिस के साइबर एक्सपर्ट मामले की बारीकी जांच करते हुए हर एक जरुरी जानकारी जुटा रहे है, ताकि आरोपियों से जुड़े अन्य लोगो की जानकारी भी हासिल की जा सके।

# चेन्नई शहर के कई हिस्सों में तेज बारिश

## थोड़ी राहत के बाद फिर से आफत की दस्तक

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु के कुछ इलाकों में एक बार फिर बारिश ने दस्तक दी है, जिसमे चेन्नई शहर में एकाएक तेज़ बारिश शुरू हो गई। बारिश इतनी तेज़ हुई कि कुछ मिनटों में ही शहर की सड़के बारिश के पानी भीग गई और सड़को पर चलते लोग बारिश से बचने के लिए आसरा ढूंढते हुए दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से तमिलनाडु के लगभग हर जिले में तेज़ बारिश का दौर लगातार जारी था, जो बीच के कुछ दिनों में थम गया था। लेकिन बुधवार को एक बार फिर तेज़ बारिश ने दस्तक दे दी है, जिसने चेन्नई का मौसम बदल दिया है।

### 25 दिनों तक तमिलनाडु हुई थी बारिश



बता दें कि इसके कुछ दिन पहले लगभग 25 दिनों तक तमिलनाडु के मदुरै इलाके में सतत बारिश हुई थी। जिससे मदुरै शहर की निचली बस्तियों में जलभराव हो गया था और बारिश का पानी लोगो के घरों तक में जा पहुंचा था। इस बारिश के दौरान लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा था और क्षेत्र की कई बस्तियां जलमग्न होने की कगार पर आ गई थी। मदुरै में हुई बारिश ने लोगों को खासी परेशानी में डाल दिया था, जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने निचले इलाकों में रह रहे लोगों को खाने का सामान तथा पीने के लिए साफ पानी भिजवाया था और सहायता दल की मदद से जलभराव वाले इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित जगह भेजा था।

### बरसात त्यौहार का रंग फीका कर सकती है

अब तमिलनाडु के चेन्नई में एक बार फिर तेज़ बारिश शुरू हो गई है, जिसने शहर की सड़क व्यवस्था को बाधित कर दिया है। सड़को पर बारिश का पानी बह निकला हैं, जिससे दो पहिया वाहनों को आवा–गमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। चूंकि इसके पहले ही लोग आफत की इस बारिश से काफी जूझ चुके हैं, इसलिए अब वह चाहते है कि जल्द बारिश बंद हो तथा मौसम खुल जाये। आज देशभर में दीपावली का त्यौहार मनाया जायेगा, ऐसे में हुई बरसात त्यौहार का रंग फीका कर सकती है।

# बाबरी के पक्षकार इकबाल अंसारी ने भी अयोध्या में झांकियों पर की पुष्प वर्षा

## पीएम मोदी और सीएम योगी की जमकर की तारीफ

एजेंसी | अयोध्या

अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर झांकियां निकाली जा रही हैं। इन झांकियों पर पुष्प वर्षा करते बाबरी के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी भी दिखाई दिए। साकेत महाविद्यालय से रामकथा पार्क के लिए दीपोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जा है। वहीं, सीएम योगी और कैबिनेट के कई सहयोगी भी अयोध्या पहुंच गए हैं। कुछ देर में दीपोत्सव का आयोजन शुरू हो जाएगा। इकबाल अंसारी ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के कारण ही



आज अयोध्या दिव्य और भव्य नजर आ रही है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी अच्छा कार्य कर रहे हैं। दीपोत्सव का यह आठवां साल है। तमाम अयोध्यावासी दीए जलाएंगे हमे भी अगर दिए मिलेंगे तो हम भी अपने घर में दीये जलाकर खुशियां मनाएंगे।

### अयोध्या में बन रहा दीपोत्सव का एक नया विश्व रिकॉर्ड


उन्होंने कहा कि दीपोत्सव और दीपावली के अवसर पर अयोध्या एक खूबसूरत सिटी दिख रही है। आज अयोध्या पर पूरी दुनिया की नजरे हैं। अंसारी ने कहा कि दीपोत्सव का यह माहौल और अयोध्या में जो सजावट की गई है उसे देखकर हम ही नहीं पूरी दुनिया के लोग खुश है। 2019 में सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के बाद राम मंदिर का निर्माण हुआ और उसमें भगवान विराजमान हुए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या की यह पहली दिवाली और दीपोत्सव है जिसमें दीपोत्सव का एक नया विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहा है।

# 7 हाथियों की मौत से मचा हड़कंप

## जांच में जुटी वन टीम, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में है 13 हाथियों का झुंड

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश के उमरिया में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बड़ी घटना सामने आई है, जहां कल चार जंगली हाथियों की दर्दनाक मौत हो गई थी तो वहीं आज 3 हाथियों ने रात में दम तोड़ दिया। इसके साथ ही 2 हाथियों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद से वन प्रबंधन में हड़कंप की स्थित है और वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर नीचे स्तर तक के अधिकारियों का दल मौके पर पहुंच चुका है, बीमार हाथियों का उपचार किया जा रहा है। संयुक्त संचालक पीके वर्मा ने बताया है कि हाथियों को जहर दिए जाने की संभावना लग रही है। लेकिन असली वजह जांच के बाद ही सामने आ पाएगी। घटना पार्क के खितौली और पतौर कोर क्षेत्र के मध्य स्थित सलखनिया बीट के चरक वाह इलाके के जंगल की है।



### 13 हाथियों के झुंड में अबतक 7 की मौत

प्रदेश के उमरिया जिले के टाइगर रिजर्व बांधवगढ़ में बीते वर्ष 2018 से कर्नाटक, झारखंड और छत्तीसगढ़ के रास्ते पहुंचे जंगली हाथियों ने अपना रहवास बना लिया था। वर्तमान में अलग–अलग झुण्ड में तकरीबन 70 से 80 जंगली हाथी बांधवगढ़ के अलग–अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं। प्रबंधन हाथियों से ग्रामीणों की सुरक्षा और फसलों के बचाव के लिए प्रयास करता है, लेकिन जंगली हाथी गाहे–बगाहे गांवों में नुकसान करने पहुंच ही जाते हैं।

### कीट नाशक छिड़काव किया था

अनुमान लगाया जा रहा है, कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत गांवों में धान की फसल को कीटों से बचाने के लिए किसानों ने रासायनिक दवा का छिड़काव किया था। जिससे जंगली हाथियों ने खा लिया और उनकी मौत हो गई है। वहीं अधिकारी अभी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं और उनकी पहली प्राथमिकता बीमार हाथियों के उपचार की है। वन प्रबंधन हाथियों से ग्रामीणों की सुरक्षा और फसलों के बचाव के लिए प्रयास करता है, लेकिन जंगली हाथी घूमते–फिरते गांवों में नुकसान करने पहुंच जाते हैं।

आत्महत्या | शादी तय होने के बाद से ही परेशान थी मनीषी

# एक दिन पहले तय हुई थी शादी, दूसरे दिन आत्महत्या

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक महिला प्रिंसिपल ने आत्महत्या कर ली। जिसके बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के मुताबिक 30 वर्षीय प्रिसिंपल की एक दिन पहले ही शादी फिक्स हुई थी, वहीं दूसरे दिन उसका शव पंखे से लटका हुआ मिला है। युवती का नाम मनीषी बताया जा रहा है। वह गंगानगर मोल्ले में रहती थी और संभल जिले एक जूनियर हाईस्कूल में तैनात थी। बताया जा रहा है कि मनीषी शादी तय होने के बाद से ही परेशान थी। हालांकि ऐसी किसी को आशंका नहीं थी। परिजनों के अनुसार वह बुधवार को नाश्ता करने के बाद अपने कमरे में चली गईं। सुबह 10 बजे मां खाने के लिए बुलाने गईं। आवाज लगाने पर कोई जवाब नहीं आया, जब मां ने दरवाजे को धका दिया तो बंद था। खटखटाने के बाद अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। जब मां ने खिड़की से अंदर झांकर देखा तो होश उड़ गए। मनीषी पंखे से लटकी थी।



### बेटी शव देखकर चीखने लगी मां, पड़ोसियों ने बुलाई पुलिस

बेटी का शव देखकर मां चीखने लगीं। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। पड़ोसियों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को लेकर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हर एंगल से जांच कर मामले को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं।

### गंगानगर में अपनी मां के साथ रहती थी मनीषी

प्रिंसिपल मनीषी के पिता रिटायर्ड स्टेशन मास्टर थे। उनकी 2 वर्ष पहले मौत हो गई थी। गंगानगर में मनीषी अपनी मां के साथ रहती थीं। उसके दो भाई हैं जो इंजीनियर हैं। मनीषी की मां आंसू पोछते हुए बताती हैं कि मेरठ से लड़के वाले बेटी को देखने आए थे। तभी से वह परेशान चल रही थी। हमने उससे इसके बारे में पूछा, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। हमने बेटी से कहा था कि अगर रिश्ता मंजूर न हो, तो कैंसिल कर दें। आज सुबह से परेशान थी। चाय–नाश्ता कर अपने कमरे में चली गई।

# JP सांसद तेजस्वी सूर्या ने वक्फ और किसान भूमि विवाद को लेकर लिखा पत्र

## वक्फ JPC से की बड़ी मांग

**नई दिल्ली।** कर्नाटक की दक्षिण बेंगलुरु लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के युवा सांसद तेजस्वी सूर्या ने बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को एक पत्र लिखा हैं, जो राजनीतिक हल्कों में चर्चा का विषय बन गया हैं। दरअसल, सांसद तेजस्वी सूर्या ने JPC के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया है, कि वे कर्नाटक के



विजयपुरा जिले के किसानों को वक्फ बोर्ड के साथ उनके भूमि विवादों पर चर्चा करने के लिए गवाह के रूप में आमंत्रित करें।

### सौ सालों से अपनी जमीन पर खेती कर रहे किसान

सांसद तेजस्वी सूर्या ने अपने पत्र में कहा कि विजयपुरा के किसान, जो लगभग सौ सालों से अपनी जमीन पर खेती कर रहे हैं। साथ ही वे 1920 और 1930 से अपनी ज़मीनो का सरकारी रिकॉर्ड रखते हैं। लेकिन, पिछले कुछ महीनों में क्षेत्र के कई किसानो को बिना किसी सबूत या स्पष्टीकरण के उनकी जमीन को वक्फ की संपत्ति घोषित करने वाले नोटिस भेजे गए हैं। अपने पत्र में सांसद सूर्या ने आगे लिखा कि इनके दावों का दायरा काफी बड़ा है। अकेले उनके गांव में ही करीब 1,500 एकड़ जमीन को वक्फ संपत्ति के रूप में चिन्हित किया गया है। किसानों का दावा है, कि नोटिस भेजे जाने के अलावा, कानून का पालन किए बिना कुछ भूमि खंडों के लिए आरटीसी, पैहानी और म्यूटेशन रजिस्टर में बदलाव किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बिहार में दीपावली पर पटना में छाए रहेंगे बादल

**बक्सर।** दीपावली के दिन बिहार के आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। दीपावली पर दक्षिण पूर्व बिहार के पांच जिलों के भागलपुर, बांका, जमुई , मुंगेर, खगड़िया के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। शेष जिलों का मौसम सामान्य बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त पुरवा हवा के कारण नमी का प्रभाव बना रहेगा। 48 घंटों के बाद न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री गिरावट की संभावना है। उत्तर बिहार में दीपावली तक आसमान में हल्के बादल आ सकते हैं, लेकिन मौसम आमतौर पर साफ रहेगा। डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी डा. ए सत्तार ने कहा कि अगले चार दिनों तक आसमान साफ और मौसम शुष्क रहेगा। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड ने दस्तक दे दी है। औरंगाबाद, गोपालगंज, सासाराम, पुपरी , मधुबनी, पूर्णिया को छोड़ कर अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई।

### यूपी में इस दिन भी रहेगी छुट्टी, पांच दिन बंद रहेंगे स्कूल और सरकारी ऑफिस

**लखनऊ।** दिवाली के त्योहार को देखते हुए सीएम योगी ने बड़ा फैसला लिया है। सीएम योगी ने यूपी में एक नवंबर को भी सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा कर दी है। पहले प्राथमिक स्कूल और सरकारी ऑफिसों में एक नवंबर की छुट्टी नहीं थी। सीएम योगी के इस आदेश के बाद सरकारी कर्मचारियों को लगातार पांच दिन की छुट्टी का लाभ मिलेगा। हालांकि सीएम योगी ने एक नवंबर की छुट्टी को लेकर एक शर्त भी रखी है। सीएम योगी के जारी आदेश के मुताबिक एक नवंबर की छुट्टी के बदले में नौ नवंबर को सरकारी ऑफिस खुले रहेंगे। सीएम योगी के इस आदेश से सरकारी कर्मचारियों में खुशी फैल गई है। बतादें कि बेसिक स्कूलों में 30 अक्टूबर से तीन नवंबर तक नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज आदि की छुट्टियां हैं। वहीं माध्यमिक स्कूलों में 30 और 31 अक्टूबर को ही छुट्टी है। इस हिसाब से एक नवंबर को प्राथमिक स्कूल खुलने थे और दो नवंबर को फिर गोवर्धन पूजा की छुट्टी है। दिवाली पर इस बार सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। सीएम योगी के आदेश के बाद छुट्टी को लेकर सरकारी कर्मचारियों की और मौज हो गई। दरअसल 30 अक्टूबर से दो नवंबर तक यूपी में सरकारी छुट्टियां की घोषणा पहले से थी और तीन नवंबर को रविवार पड़ रहा है। लेकिन एक नवंबर को कुछ विभागों की छुट्टी नहीं थीं। प्राथमिक स्कूल और सरकारी दफ्तर एक नवंबर को खुलने थे। इसको लेकर प्राथमिक स्कूल के शिक्षक और सरकारी कर्मचारियों में कहीं न कहीं नाराजगी थी। इसको देखते हुए सीएम योगी ने एक नवंबर की भी छुट्टी की घोषणा कर दी।

# बक्सर में दरवाजे पर खड़े युवक की गोली मारकर हत्या

▶▶ मौके पर से 6 खोखे बरामद

**एजेंसी | पटना**



बिहार के बक्सर में एक युवक को अपराधियों ने गोली मार दी और हत्या करके फरार हो गए। घटना बुधवार सुबह की है जब नावानगर के केसठ गांव में अखिलेश तिवारी उर्फ मण्डल तिवारी को अपराधियों ने अपना निशाना बनाया। अखिलेश तिवारी अपने घर के दरवाजे पर खड़े थे और घात लगाए अपराधियों ने हमला बोल दिया। आनन फानन में इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

### अस्पताल ले जाने के दौरान हुई मौत

बुधवार की सुबह नावानगर के केसठ गांव में अपने दरवाजे पर खड़ा अखिलेश तिवारी उर्फ मण्डल तिवारी को अपराधियों ने गोली मार दी। इलाज के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वहीं जब इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को मिली तो कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने घटना की जांच शुरू कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छह खोखा भी बरामद किया है। वहीं घटनास्थल पर डीएसपी ,नावानगर थाना पुलिस के अलावे सोनवर्षा, बासुदेवा थाना की पुलिस भी पहुंची।

### मृतक की मां हैं वार्ड सदस्य, विवाद में हत्या की चर्चा

मिल रही जानकारी के अनुसार, मृतक की मां वार्ड सदस्य है। पुलिस हत्या के कारण की जांच कर रही है। गांव के लोगों के बीच आपसी विवाद में हत्या की चर्चा है। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि युवक की हत्या क्यों की गयी। इधर, लोगों ने बताया कि युवक गोली लगने के बाद जिंदा था। उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस दौरान रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

# एकता हत्याकांड में हुआ खुलासा

**कई महिलाओं से आपत्तिजनक बातें करता था जिम ट्रेनर, 200 पेज की चैट मिली**

**एजेंसी | कानपुर**



कानपुर में हुए एकता हत्याकांड मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जिम ट्रेनर के तीन मोबाइल में कई आपत्तिजनक चैट मिली हैं। जिम ट्रेनर महिलाओं से अलग अंदाज में मिलता था। इसके अलावा जिम में आने वाली महिलाओं की खूबसूरती और मेहनत की तारीफ किया करता था। इसके अलावा एकता और विमल की अबतक की चैट में एक अन्य शख्स का नाम भी सामने आया है। पुलिस अब आरोपी के फोन की दो साल की चैट रिकवर करने में जुटी है।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने जिम की सीसीटीवी खंगाली जिसमें साफ-साफ दिख रहा है कि जब तक एकता जिम में रहती थी, तब तक वह उसके इर्द-गिर्द रहता था। 24 जून को भी वह एकता के आस-पास था। लोगों ने पुलिस को बताया कि जिम में भी दोनों के बारे में बात होने लगी थी। अब पुलिस कर्मियों को सवाल तैयार करने के लिए लगाया गया है। पूरी विवेचना के इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य तैयार किए जाएंगे। साथ ही पुलिस पूछताछ की वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी करेगी। इसमें अब अनसुलझे सवालों को शामिल किया जाएगा।

### मोबाइल से मिली आपत्तिजनक चैट

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिम ट्रेनर के पास से बरामद तीन मोबाइल फोन में एक दर्जन से ज्यादा महिलाओं संग आपत्तिजनक चैट मिली हैं। बताया जा रहा है कि इसके बदले महिलाएं उसकी आर्थिक मदद करती थीं। इसके अलावा निखिल का नाम लेकर विमल और एकता के बीच कई बार बातचीत और तकरार हुई थी। लेकिन निखिल के बारे में पुलिस और परिवार में किसी को कोई जानकारी नहीं है। पुलिस जिम ट्रेनर के फोन से चैट रिकवर करने में जुटी है।

**बहराइच एसपी की बड़ी कार्रवाई**

# 29 पुलिस कर्मियों को किया लाइन हाजिर, विभाग में मचा हड़कंप

**एजेंसी | बहराइच**



बहराइच जिले के महाराजगंज कस्बा में बीते 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बवाल के बाद से ही जुलूस में शामिल और मृतक परिवार के लोग पुलिस पर यह आरोप लगा रहे थे, कि जब बवाल शुरू हुआ तब पुलिस ने प्रतिमा विसर्जन में शामिल लोगों पर ही लाठियां भाजना शुरू कर दी। पुलिस की विभागीय जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है। ताबड़तोड़ एक्शन हो रहा है। मंगलवार को एसपी की जांच में लापरवाही मिलने पर रामगांव के 15 और हरदी थाना के 14 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से हरदी थाना में 13 और रामगांव में 16 पुलिसकर्मियों को तैनाती दी गई है।

### एसपी की कार्रवाई से मचा हड़कंप

एसपी वृंदा शुक्ला ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हिंसा प्रभावित थानों में लंबे समय से तैनात और कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को हटाया गया है। उनकी जगह पर लाइन से अन्य पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। एसपी ने सभी को पुलिस लाइन में अपनी आमद दर्ज कराने के निर्देश भी दिए हैं। पूरी कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जबकि पुलिस लाइन में तैनात रहे 13 आरक्षियों को हरदी थाने में और 16 को रामगांव थाने में तैनात किया है।

# ताइक्वांडो के नाबालिग इंटरनेशनल प्लेयर पर तलवार से वार

▶▶ सिर धड़ से किया अलग, जमीन विवाद में वारदात

**एजेंसी | जौनपुर**



जौनपुर में दीपावली के त्योहार पर दिल दहला देने वाली वारदात हुई है। ताइक्वांडो के नाबालिग इंटरनेशनल प्लेयर पर तलवारा से वार कर सिर धड़ से अलग कर दिया गया। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरूद्दीन पुर गांव में बुधवार की सुबह जमीन विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया। हत्या कर नाबालिग का शव घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर खड़ंजे के पास फेंक दिया गया। सरेआम हुई नृशंस हत्या को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश याादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है।

जाफराबाद के विधायक जगदीश नारायण राय के पैतृक गांव कबीरूद्दीन निवासी रामजीत यादव का गांव के ही कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मामला सिविल कोर्ट में है। बुधवार को इसी जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि विपक्षियों ने पूरे परिवार को मारने के लिए दौड़ा लिया।

सभी लोग तो भाग गए लेकिन रंजीत का 17 वर्षीय बेटा अनुराग यादव उर्फ छोटू आरोपियों के चंगुल में आ गया। आरोपियों ने तलवार से वार कर उसके सिर को धड़ से अलग कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा मौके पर पहुंच गए। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अजयपाल शर्मा ने बताया कि बुधवार सुबह लालता का बेटा रमेश विवादित जमीन पर दीपावली की सफाई की बात कहकर घास साफ कर रहा था कि तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे मना किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया।

शर्मा ने बताया कि बात बढ़ने पर रमेश ने मौके पर मौजूद रामजीत के 17 वर्षीय बेटे अनुराग की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी और मौके से भाग गया। उन्होंने बताया कि अनुराग के परिजन ने घटना के बारे में पुलिस को खबर दी, जिसके बाद हत्यारोपी रमेश के पिता लालता यादव को हिरासत में ले लिया गया।

शर्मा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के कई दल गठित किये गये हैं और परिजन की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गांव में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आज की सरकार और अपराध में एक अजीब सा विरोधाभासी संबंध है। एक तफ दोनों साथ-साथ हैं, तो वहीं दूसरी तरह सरकार जितनी कमज़ोर और निष्क्रिय होती जा रही है, अपराधी उतने ही ताकतवर और सक्रिय होते जा रहे हैं।

## व्यापार जगत

# आसमान छू रहे सोने के दाम फिर भी नहीं कम हो रही है डिमांड

**एजेंसी | मुंबई**



सोने की कीमत लगातार आसमान छू रही है, लेकिन फिर भी इसकी मांग में किसी भी प्रकार की कोई कमी आते हुए नहीं नजर आ रही है। एक रिपोर्ट में ये बात सामने आयी है कि तीसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर के महीनों के बीच भारत की सोने की डिमांड बढ़ी है। इस तिमाही में सोने की मांग में लगभग 18 प्रतिशत की बढ़त के साथ ये 248.3 टन रही है। सोने की इंपोर्ट ड्यूटी में कमी आने से आभूषण की डिमांड में सुधार हुआ है। विश्व स्वर्ण परिषद यानी डब्ल्यूजीसी ने बुधवार को तीसरी तिमाही 2024 सोने की डिमांड रिपोर्ट पेश की। पिछले साल की इसी तिमाही में सोने की कुल डिमांड 210.2 टन थी। रिपोर्ट के अनुसार, सोने की कीमतें ऑल टाइम हाई लेवल पर हैं, इसलिए इंवेस्टर्स में कीमतों में गिरावट का इंतजार करने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। पूरे साल सोने की मांग 700-750 टन के दायरे में रहने की आशंका है, जो पिछले साल से थोड़ी कम है। धनतेरस और शादियों के मद्देनजर सोने की कुल डिमांड बढ़ने की संभावना भी है।

### रिकॉर्ड हाई लेवल पर

आपको बता दें कि भारत की सोने की डिमांड 2023 में 761 टन रही थी। आभूषण विक्रेताओं तथा रिटेलर्स की ओर से धनतेरस की भारी डिमांड के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 300 रुपए बढ़कर 81,400 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जो अब तक का रिकॉर्ड हाई लेवल पर है।

### तीसरी तिमाही में सबसे ज्यादा

वहीं जुलाई-सितंबर 2024 में ग्लोबल लेवल पर सोने की डिमांड 5 प्रतिशत बढ़कर 1,313 टन हो गई है, जो किसी भी तीसरी तिमाही में सबसे ज्यादा है। डब्ल्यूजीसी की 2024 की तीसरी तिमाही की सोने की डिमांड प्रवृत्ति रिपोर्ट के अनुसार, एक साल पहले इसी समय में ग्लोबल डिमांड 1,249.6 टन थी।

### इंपोर्ट ड्यूटी में भारी कटौती

कीमत के लिहाज से इस कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही में सोने की डिमांड 53 प्रतिशत बढ़कर 1,65,380 करोड़ रुपए हो गई है, जबकि 2023 के इसी समय में यह 1,07,700 करोड़ रुपए थी। डब्ल्यूजीसी के भारत के क्षेत्रीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन जैन ने कहा है कि 2024 की तीसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर में भारत की सोने की डिमांड सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 248.3 टन रही है। जुलाई में सोने की इंपोर्ट ड्यूटी में भारी कटौती से आभूषणों की डिमांड में सुधार हुआ। 2015 के बाद से ये अवधि सोने के लिए सबसे मजबूत तीसरी तिमाही रही। डिमांड 2023 की तीसरी तिमाही में 155.7 टन की तुलना में 10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 171.6 टन हो गई।

# एमडीएल मना रहा है सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024

**एजेंसी | मुंबई**



माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में 28 अक्तूबर से 03 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 बड़े उत्साह और समर्पण के साथ मनाया जा रहा है।

28 अक्टूबर को संजीव सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने एमडीएल के वरिष्ठ अधिकारियों को सत्यनिष्ठ की शपथ दिलाकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया। इस प्रभावशाली कार्य ने संगठन के भीतर उच्चतम नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए एमडीएल के नेतृत्व की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इन-हाउस सतर्कता पत्रिका 'सुचारिता –खंड- XXVII' के नवीनतम संस्कारण का अनावरण किया, जिसमें सतर्कता और नैतिकता के बारे में ज्ञान और अंतर्दृष्टि साझा करने के महत्व पर जोर दिया गया है। समारोह के दौरान एमडीएल के सीएमडी संजीव सिंघल और एमडीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हरि नारायण जांगिड़ ने एमडीएल कर्मियों को संबोधित किया। उन्होने वर्ष के केंद्रीय विषयः 'Culture of Integrity for Nation's Prosperity, सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि': पर प्रकाश डाला । यह विषय भ्रष्टाचार से लड़ने और राष्ट्र की बेहतरी के लिए समर्पित होने की सामूहिक ज़िम्मेदारी को रेखांकित करता है।

# दिवाली से पहले झटका, ₹4300 से अधिक टूट गया शेयर

### एक ही दिन में बड़ी गिरावट से निवेशक हैरान

**एजेंसी | नई दिल्ली**



इंजीनियरिंग फर्म हनीवेल ऑटोमेशन के शेयर आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में तगड़ी गिरावट है। हनीवेल ऑटोमेशन का शेयर बीएसई पर 9% यानी 4,358 रुपए टूटकर 44630.30 रुपए पर ट्रेड कर रहा है। इसका पिछला बंद भाव 48989.05 रुपए है। कंपनी के शेयरों में इस बड़ी गिरावट के पीछे सितंबर तिमाही के खराब नतीजे हैं। दरअसल, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में हनीवेल ऑटोमेशन का प्रॉफिट में गिरावट दर्ज की गई है। सुस्त मांग के बीच कंपनी के दूसरी तिमाही के नेट प्रॉफिट में ने 5.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 115 करोड़ रुपए ($13.7 मिलियन) रहा, यह पिछले साल की समान अवधि में 122 करोड़ रुपए से कम है। बता दें कि हनीवेल ऑटोमेशन इंडिया इमिशिन में कमी और एनर्जी बदलावों के उद्देश्य से प्रोडक्ट्स डिजाइन करने के साथ-साथ इंडस्ट्रियल ग्राहकों को बिल्डिंग ऑटोमेशन समाधान प्रदान करने में माहिर है। हाल के एक सर्वेक्षण में अगस्त और सितंबर के दौरान भारत के विनिर्माण क्षेत्र में धीमी वृद्धि की प्रवृत्ति का संकेत दिया गया है। इसके बावजूद, कंपनी अपने EBITDA मार्जिन को बरकरार रखने में कामयाब रही, जो कि दूसरी तिमाही में 12.6 प्रतिशत पर आ गया, जो कि एक साल पहले की तिमाही में 12.5 प्रतिशत से थोड़ा अधिक था। इसके अलावा हनीवेल ऑटोमेशन इंडिया की पैरेंट कंपनी- हनीवेल ने भी वॉल स्ट्रीट की उम्मीदों से कम सालाना बिक्री का अनुमान लगाया। आज की गिरावट को शामिल करते हुए, पिछले तीन महीनों में स्टॉक का घाटा 16 प्रतिशत से अधिक हो गया है। कंपनी के शेयर इस साल 20 पर्सेंट और सालभर में 25% तक चढ़ा है। इसका 52 वीक का हाई प्राइस 59,700 रुपए और 52 वीक का लो प्राइस 34,990 रुपए है। इसका मार्केट कैप 39,998.74 करोड़ रुपए है।

# आठ गुना बढ़ गया अडानी की इस कंपनी का मुनाफा, शेयर पर टूट पड़े निवेशक

**एजेंसी | नई दिल्ली**

शेयर बाजार में बिकवाली के बीच अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर पर बुधवार को निवेशक टूट पड़े। शेयर में यह तेजी कंपनी के शानदार तिमाही नतीजे के बाद आई है। बता दें कि अडानी एंटरप्राइजेज का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में आठ गुना बढ़ गया है। अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर की बात करें तो यह 5 फीसदी बढ़कर 2986.90 रुपए पर पहुंच गया। जून 2024 में शेयर की कीमत 3,743 रुपए थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। नवंबर 2023 में शेयर की कीमत 2,142.30 रुपए थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो लेवल है। सितंबर तिमाही में अडानी एंटरप्राइजेज का मुनाफा आठ गुना बढ़कर 1,741 करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी को 228 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। अडानी एंटरप्राइजेज की कर पूर्व आय 46 प्रतिशत बढ़कर 4,354 करोड़ रुपए जबकि आमदनी 15 प्रतिशत बढ़कर 23,196 करोड़ रुपए रही। कंपनी का कोयला को छोड़कर अन्य सभी मुख्य कारोबार में लाभ और कारोबार दोनों बढ़े हैं। सोलर मॉड्यूल और विंड चक्की विनिर्माण जैसे कारोबार से जुड़ी अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड का कर-पूर्व लाभ 78 प्रतिशत बढ़कर 1,121 करोड़ रुपए रहा, जबकि हवाई अड्डा कारोबार में यह 31 प्रतिशत बढ़कर 744 करोड़ रुपए रहा। समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने बयान में कहा- अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने लॉजिस्टिक, एनर्जी बदलाव और अन्य संबंधित क्षेत्रों में निवेश पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है जो देश की आर्थिक वृद्धि के लिए अहम हैं। छमाही आधार पर रिकॉर्ड प्रदर्शन की अगुवाई अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) और अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने क्षमता वृद्धि और परिसंपत्ति उपयोग के जरिये की है।

# ऑस्ट्रेलिया ए से मैच में ईश्वरन नितीश और प्रसिद्ध पर नजरें

## 99 प्रथम श्रेणी मैचों में ईश्वरन ने 7638 रन बनाए

### 27 शतक के साथ उनके नाम 29 अर्धशतक भी दर्ज

एजेंसी | मैकाय

भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच गुरुवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में अभिमन्यु ईश्वरन, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। ईश्वरन, नितीश और प्रसिद्ध को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, इसलिए टीम प्रबंधन ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में उनके प्रदर्शन पर विशेष निगाह रखेगा।







### ईश्वरन को उम्मीद

ईश्वरन का प्रदर्शन बेहद महत्वपूर्ण होगा क्योंकि अगर कप्तान रोहित शर्मा निजी कारणों से पांच टेस्ट की इस सीरीज के एक या दो मैच में नहीं खेलते तो इस 29 वर्षीय बल्लेबाज को पारी की शुरुआत करने का मौका मिल सकता है। ईश्वरन काफी अनुभवी बल्लेबाज हैं। उन्होंने अभी तक 99 प्रथम श्रेणी मैचों में 7638 रन बनाए हैं जिसमें 27 शतक और 29 अर्धशतक शामिल हैं। वह इस समय अच्छी फॉर्म में हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया में परिस्थितियां पूरी तरह से भिन्न होंगी। नितीश के आंकड़े हालांकि इतने प्रभावशाली नहीं हैं लेकिन वह तेज गेंदबाजी के अलावा अच्छी बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। इसी वजह से चयन समिति ने चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले शार्दुल ठाकुर पर उन्हें प्राथमिकता दी है। नितीश के पास अपनी काबिलियत साबित करने का यह बेहतरीन मौका होगा।

### प्रसिद्ध को लंबाई का लाभ

प्रसिद्ध को बाद में भारत ए टीम में शामिल किया गया। प्रसिद्ध ने चोट से उबरने के बाद दलीप ट्रॉफी, ईरानी कप और रणजी ट्रॉफी में जो सात मैच खेले हैं, उनमें वह सात विकेट ही ले पाए। लेकिन लगता है कि चयनकर्ता ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर उनके लंबे कद का फायदा उठाना चाह रहे हैं। इन तीनों के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन, तेज गेंदबाज यश दयाल और नवदीप सैनी तथा मध्य क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल जैसे खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटाना चाहेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन भी इस मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

### भारत ए टीम

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), मुकेश कुमार, रिकी भुई, नितीश कुमार रेड्डी, मानव सुथार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, तनुश कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा।

## फुटबॉल डायरी: क्रिस्टियानो की टीम को अल तावौन ने 1-0 से शिकस्त दी, इससे पहले अल नस्र के लिए 18 पेनाल्टी को गोल में बदल चुके

### एक नजर

- 168 पेनाल्टी मिली रोनाल्डो को
- 31 पर नहीं कर सके गोल : 85 फीसदी गोल प्रतिशत
- 140 पेनाल्टी मिली मेसी को
- 31 पर नहीं कर सके गोल : 78 फीसदी गोल प्रतिशत

# रोनाल्डो पेनाल्टी चूके

## अल नस्र की टीम किंग्स कप से बाहर



### फिर भी मेसी से बेहतर

हालांकि रोनाल्डो मंगलवार के मुकाबले में पेनाल्टी चूक गए लेकिन अगर उनकी तुलना दिग्गज लियोनेल मेसी के साथ की जाए तो पेनाल्टी को गोल में बदलने में क्रिस्टियानो बेहतर हैं। मैसिवरोनाल्डो डॉट एप के अनुसार, पेनाल्टी को गोल में बदलने में मेसी उनसे पिछड़े हुए हैं।

एजेंसी | रियाद

ऐसा बहुत कम ही होता है लेकिन बदकिस्मती से मंगलवार को क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ हो गया। पुर्तगाल का यह दिग्गज खिलाड़ी पेनाल्टी पर गोल करने से चूक गया जिससे उनकी टीम अल नस्र को किंग्स कप के राउंड ऑफ 16 चरण के मैच में हार का सामना करना पड़ा और टीम सऊदी अरब के घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

### ऊपर से निकल गई किक

यह पेनाल्टी दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम में मिली थी। लेकिन 39 साल के रोनाल्डो की किक गोल बार के ऊपर से निकल गई। इससे अल नस्र की टीम को अल तावौन ने 1-0 से शिकस्त दे दी। पांच बार के बैलन डि ऑर विजेता रोनाल्डो ने लगभग दो साल पहले अल नस्र के साथ अनुबंध किया था लेकिन वह अभी तक कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। सऊदी अरब की प्रमुख नॉकआउट प्रतियोगिता के अल तावौन ने 20 मिनट शेष रहते हुए वलीद अल अहमद के हेडर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त बना ली। अल अहमद की 95वें मिनट में की गई गलती से अल नस्र को पेनाल्टी मिली थी। रोनाल्डो ने अपनी टीम की तरफ से इससे पहले जो 18 पेनाल्टी ली थीं, उन सभी को उन्होंने गोल में बदला था लेकिन इस बार उनका शॉट लक्ष्य से भटक गया। उनकी यह चूक टीम को महंगी पड़ी।

## ईस्ट बंगाल ने बशुंधरा किंग्स को 4-0 से हराया

एजेंसी | थिंपू

भारत के ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब ने एएफसी चैलेंज लीग 2024-25 के अपने दूसरे ग्रुप ए मैच में बंगलादेश के क्लब बशुंधरा किंग्स को 4-0 से हरा दिया। मंगलवार को भूटान के थिंपू में चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ईस्ट बंगाल एफसी की ओर से दिमित्रियोस डायमंटाकोस ने (पहले मिनट में), सौविक चक्रवर्ती ने (20वें मिनट), नंदकुमार सेकर ने (26वें मिनट) और अनवर अली ने (33वें मिनट) में गोल दागे। ईस्ट बंगाल ने अपने पहले मैच में पारो एफसी से 2-2 से ड्रॉ खेला था। इस जीत से ईस्ट बंगाल अपने ग्रुप में लेबनान के नेजमेह एफसी के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अंक तालिका में नेजमेह एफसी के छह अंक और ईस्ट बंगाल के चार हैं।

# भारत के खिलाफ सीरीज जीतना अहम : कमिंस

एजेंसी | सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतना उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बुधवार को अपनी किताब के विमोचन के अवसर पर उन्होंने कहा, भारत जैसी टीम से सीरीज जीतना काफी महत्वपूर्ण है, खासकर जब आप घरेलू मैदान पर खेल रहे हों। मैं भारत के खिलाफ सीरीज जीत को अपने नाम के साथ जोड़ना चाहूंगा। ऑस्ट्रेलिया 2014-15 से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीत पाया है। वहीं उसे भारत से पिछली 16 सीरीज में भी जीत नसीब नहीं हुई है। कमिंस ने कहा, हम उनसे ऑस्ट्रेलिया में खेली गई पिछली दो सीरीज हार गए थे। वहीं हमारी टीम इस समय बहुत अच्छी स्थिति में है और अच्छा प्रदर्शन करने को तैयार है। हम जिस टीम से भी खेलें, अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन भारत की बात कुछ और है इसलिए जीतना बेहद महत्वपूर्ण होगा।



## ऑस्ट्रेलिया के कोच मैक्डोनाल्ड का कार्यकाल 2027 तक बढ़ा

एजेंसी | सिडनी

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपनी राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड का कार्यकाल 2027 तक बढ़ा दिया। इसका मतलब है कि वह दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप तक इस पद पर बने रहेंगे। उन्होंने 2022 की शुरुआत में जस्टिन लेंगर की जगह पद संभाला था। उनके कोच रहते ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप में चैंपियन बनी। इसके अलावा उसने इंग्लैंड में एशेज भी बरकरार रखी।



## आईसीसी: सुमति धर्मवर्धने एसीयू के अध्यक्ष नियुक्त

एजेंसी | दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को श्रीलंका के सुमति धर्मवर्धने को अपनी भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) का स्वतंत्र अध्यक्ष नियुक्त किया है। धर्मवर्धने को सर रोनी फ्लानगन की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया है। वह 14 साल तक इस महत्वपूर्ण पद पर रहे। धर्मवर्धने ने श्रीलंका के अटॉर्नी जनरल विभाग में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कई कानूनी मुद्दों में सरकार और उसके खेल मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया है।

International Cricket

# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2' में नजर आएंगे 'भूल भुलैया 3' के सितारे

कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी और विद्या बालन जैसे दिग्गज सितारों से सजी फिल्म 'भूल भुलैया 3' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म दिवाली के खास मौके पर यानी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को पूरी तरह से तैयार है। आने वाले दिनों में 'भूल भुलैया 3' की स्टार कास्ट कपिल शर्मा के कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2' में नजर आएगी। शो का प्रोमो वीडियो सामने आ गया है।

### कहां और कब देख पाएंगे ये एपिसोड

नेटफ्लिक्स इंडिया ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2' का नया प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'हॉरर और ह्यूमर का परफेक्ट कॉम्बो लेकर आ रहे हैं 'भूल भुलैया 3' के सितारे।' इस एपिसोड को आप 2 नवंबर, 2024 को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। 'भूल भुलैया 3' की बात करें तो यह फिल्म साल 2007 में आई हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया' की तीसरी कड़ी है। कार्तिक अभिनीत इसकी दूसरी किस्त 'भूल भुलैया 2' सुपरहिट थी।





# नेटफ्लिक्स पर आएगी नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरी टेल'


अभिनेत्री नयनतारा मौजूदा वक्त में अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'नयनतारा : बियॉन्ड द फेयरी टेल' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री की निजी जिंदगी से जुड़े अनसुने पहलुओं को दिखाया जाएगा। अब 'नयनतारा : बियॉन्ड द फेयरी टेल' की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा। डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर 18 नवंबर से होने जा रहा है। बता दें कि 18 नवंबर को नयनतारा का जन्मदिन भी है।

### पहली झलक आई सामने

'नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरी टेल' से नयनतारा की पहली झलक सामने आ चुकी है। इसमें नयनतारा पीछे देखती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि पैपराजी उनकी तस्वीरें क्लिक करते हुए नजर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, 'एक स्टार ऑन-स्क्रीन और एक स्टार इन लाइफ। 18 नवंबर को नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरी टेल देखें, केवल नेटफ्लिक्स पर।' इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म में सरोगेसी के जरिए नयनतारा के मां बनने और उससे जुड़े विवाद को भी दिखाया गया है।

# स्कूल में सारा अली खान से डरती थीं अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे ने 2019 में आई फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। वह अब तक 'पति पत्नी और वो', 'गहराइयां' और 'ड्रीम गर्ल 2' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा अनन्या ने वेब सीरीज 'कॉल मी बे' से OTT पर कदम रखा है। 30 अक्टूबर को अनन्या अपना 26वां जन्मदिन मना रही हैं।



### अनन्या ने खुद बताया कारण

अनन्या और सारा अली खान बहुत अच्छे दोस्त हैं। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे, इसके बावजूद शुरुआती दिनों में दोनों के बीच दोस्ती नहीं हुई। अनन्या स्कूल में सारा से बहुत डरती थीं। इतना ही नहीं, अनन्या स्कूल में सारा को देख अपना रास्ता बदल लेती थीं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अनन्या ने खुद इस बात का खुलासा किया था। इसी के साथ उन्होंने इसके पीछे का कारण भी बताया था।

### वो बहुत ज्यादा मुंहफट थीं : अनन्या

अनन्या ने कहा था, 'एक ही स्कूल में पढ़ने के बावजूद मैं सारा की दोस्त नहीं थी। मैं उनसे डरती थी। वो बहुत ज्यादा मुंहफट थीं और किसी के भी सामने कुछ भी बोल देती थीं। स्कूल में उनको देखकर मैं अपना रास्ता बदल लेती थी।' हालांकि, वक्त के साथ सारा और अनन्या के बीच काफी अच्छी दोस्ती हो चुकी है। दोनों को अक्सर साथ में देखा जाता है। दोनों अक्सर कई कार्यक्रमों में भी साथ पहुंचती हैं।



# ऋषभ शेट्टी 'जय हनुमान' में निभाएंगे हनुमान का किरदार

प्रशांत वर्मा की मच अवेटेड सीक्वल जय हनुमान अपनी घोषणा के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है। 'जय हनुमान' प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स का एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, जो दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।



फिल्म 'हनुमान' की जबरदस्त सफलता ने इसे और भी खास बना दिया है, क्योंकि इसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्मेंस करते हुए, दर्शकों का दिल जीत लिया है। ऐसे में अब, सबकी निगाहें 'जय हनुमान' पर टिकी हुई हैं। जय हनुमान सबसे पवित्र और प्रसिद्ध पौराणिक सुपरहीरो को जीवित करने वाला है। यह एक अनोखा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करता है, क्योंकि इसके हाल ही में रिलीज किए गए फर्स्ट लुक में हम कंतारा स्टार ऋषभ शेट्टी को भगवान हनुमान के रूप में देख सकते हैं। कल जय हनुमान का पहला पोस्टर जारी किया गया, जिसने दर्शकों के बीच चर्चा का माहौल बना दिया। भगवान हनुमान को उनकी पूरी ताकत में दिखाते हुए, इस पोस्टर ने आज की खास रिलीज़ के लिए उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है। दिवाली से ठीक एक दिन पहले जय हनुमान का पहला लुक सामने आया है, जिसमें ऋषभ शेट्टी भगवान हनुमान के रूप में नजर आ रहे हैं।

# 'द बकिंघम मर्डर्स' अपनी OTT रिलीज को तैयार



अभिनेत्री करीना कपूर की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' को 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इस मर्डर मिस्ट्री फिल्म को दुनियाभर के फिल्म महोत्सवों में तारीफें मिलीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं सकी।

### इस दिन नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे फिल्म

'द बकिंघम मर्डर्स' का प्रीमियर 8 नवंबर, 2024 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे OTT पर देख सकते हैं। 'द बकिंघम मर्डर्स' में करीना ने एक ब्रिटिश-भारतीय जासूस का किरदार निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है। इस फिल्म के जरिए करीना ने बतौर निर्माता शुरुआत की है। करीना ने एकता कपूर के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण किया है।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

# पीएम मोदी, अमित शाह, सीएम योगी का महाराष्ट्र जीतने का प्लान



रणनीति
धीरज सिंह

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का संग्राम शुरु हो गया है। राज्य में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया जाएगा। इस साल विधानसभा चुनाव में महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। राज्य की 288 सीटों पर कुल 7 हजार 995 उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। इस वक्त हर तरफ खूब प्रचार-प्रसार चल रहा है। महाराष्ट्र चुनाव के लिए बीजेपी ने बड़ा प्लान बनाया है। पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी सहित भाजपा के आला नेता चुनाव प्रचार करेंगे। बीजेपी की ओर से विधानसभा चुनाव के लिए की ओर से जोरदार तरीके से प्रचार की योजना बनायी गयी है। विधानसभा चुनाव में बीजेपी के बड़े नेता चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकेंगे।



### 100 से ज्यादा सभा करेगी बीजेपी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे कई बड़े चेहरे महाराष्ट्र में जनसभाएं करने वाले हैं। बीजेपी की ओर से 100 से ज्यादा सभा की योजना बनाई गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम महाराष्ट्र, विदर्भ, मुंबई-कोंकण, उत्तरी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में कुल 8 सभाएं करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुल 8 दिनों तक महाराष्ट्र के विभिन्न इलाकों में सभाएं करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 7 नवंबर से 14 नवंबर तक महाराष्ट्र में कार्यक्रम और रैलियां होंगी। इस दौरान वह महाराष्ट्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सभा करेंगे।

### सहयोगी पार्टियों के लिए भी प्रचार करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ये सभाएं सिर्फ बीजेपी के लिए ही नहीं बल्कि महायुति के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए भी होंगी। इन सभी सभाओं की जिम्मेदारी देवेंद्र फडणवीस, नितिन गडकरी और चन्द्रशेखर बावनकुले को दी गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी महाराष्ट्र में 15 सभाएं करेंगे। साथ ही गोवा, मध्य प्रदेश, हरियाणा के मुख्यमंत्री भी महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दोगुनी सभाएं करेंगे। अमित शाह महाराष्ट्र में 20 सभाएं करने वाले हैं। ये सभाएं राज्य के महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में होंगी। इन सभाओं की तारीख अभी सामने नहीं आई है। हालांकि कहा जा रहा है कि दिवाली के बाद बीजेपी की ओर से प्रचार अभियान को तेज किया जाएगा।

### कौन नेता करेंगे कितनी सभाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी – 8, अमित शाह – 20, नितिन गडकरी – 40, देवेन्द्र फडणवीस – 50, चन्द्रशेखर बावनकुले – 40 और योगी आदित्यनाथ – 15।

## विश्लेषण

# भाजपा ने 12 सीटों पर किया खेल

### चुनाव बाद के समीकरण पर होने लगी चर्चा



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उलझने बेशुमार हैं। कभी राज्य में 4 दल हुआ करते थे, अब उनमें से ही दो में ऐसी टूट हुई है कि 6 पार्टियां बन चुकी हैं। यही नहीं इसके चलते चुनाव के बाद भी जटिल स्थिति पैदा हो सकती है। इसकी वजह यह है कि 6 दलों में से किसी एक को भी पूर्ण बहुमत मिलने के आसार कम ही हैं। ऐसे में गठबंधन सरकार ही बनेगी और चुनाव बाद स्थिति रोचक हो सकती है। खासतौर पर सीएम फेस को लेकर जो जद्दोजहद मचेगी, उसमें सीटों की संख्या मायने रखेगी। इस लिहाज से भाजपा शायद पहले से ही सतर्क है और उसने एक ऐसा दांव चल दिया है, जिसकी अभी से चर्चा होने लगी है।

### 12 नेताओं को एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी से टिकट दिलाया

भाजपा ने कुल 148 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि अपने 12 नेताओं को एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी से टिकट दिला दिया है। दरअसल भाजपा के रणनीतिकारों का कहना था कि वे हर हाल में 160 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इसे लेकर महायुति में लंबी खींचतान हुई और अंत में जो समझौता हुआ, वह सबको हैरान करने वाला है। भाजपा के 8 नेताओं को एकनाथ शिंदे की शिवसेना से टिकट मिल गया है और 4 पर अजित पवार की एनसीपी से मिला है। इस तरह भाजपा भले ही सिंबल पर 148 सीटों पर लड़ रही है, लेकिन उसके कोटे में कुल 160 कैंडिडेट आए हैं।

### इन 12 सीटों के नतीजे रखेंगे मायने

अब चर्चा है कि इन 12 सीटों का नतीजा इलेक्शन के बाद मायने रखेगा। यदि किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला और भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर सरकार बनाने की रेस में रही तो यहां से कुछ निकल सकता है। माना जा रहा है कि इसीलिए भाजपा ने 12 नेताओं को दूसरे दलों से लड़वा दिया। भाजपा के जो 12 नेता दूसरे दलों से उतरे हैं, उनमें प्रवक्ता शाइना एनसी भी शामिल हैं। वह मुंबा देवी सीट से एकनाथ शिंदे की पार्टी से उतरी हैं। इसके अलावा मुरजी पटेल को शिवसेना ने अंधेरी ईस्ट से उतारा है। संजना जाथधव को कन्नड़ नसे टिकट मिला है। इन नेताओं के अलावा राजेंद्र राउत, नीलेश राणे, राजेंद्र गावित, विलास तारे, संतोष शेट्टी शिवसेना से उतरे हैं। अब एनसीपी की बात करें तो उससे भी संजय काका पाटिल, निशिकांत पाटिल, राजकुमार बडोले और प्रतापराव पाटिल को टिकट मिला है। ये सभी भाजपा के नेता रहे हैं और चुनाव से पहले एनसीपी में शामिल होकर लड़ रहे हैं। अब जानकारी मिली है कि इन लोगों का पालाबदल रणनीति के तहत हुआ था।

# अदावत और बगावत का चुनाव



विश्लेषण
अमित बृज

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के चुनावी माहौल में नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, और अब महाविकास अघाड़ी (एमवीए) और महायुति दोनों ही गठबंधनों में दलबदल की स्थिति दिख रही है। हाल ही में जानकारी मिली है कि दोनों गठबंधनों के कुल 56 नेताओं ने अपने-अपने घोषित उम्मीदवारों के खिलाफ बगावत कर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया है। इसमें महायुति से 40 और एमवीए से 16 नेताओं के नाम शामिल हैं। 4 नवंबर नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है, जिसके बाद ही इन बागी नेताओं की अंतिम स्थिति साफ हो पाएगी। दोनों ही गठबंधन के नेता बागियों को मनाने के प्रयास कर रहे हैं ताकि वे अपनी उम्मीदवारी वापस ले लें और गठबंधन की एकजुटता को बरकरार रखा जा सके।

### शिंदे सेना के सदस्यों का बीजेपी उम्मीदवारों के खिलाफ विद्रोह

एरोली सीट पर, शिंदे गुट के विजय चौघुले ने बीजेपी के गणेश नाइक के खिलाफ बगावत कर निर्दलीय रूप से मैदान में उतरने का फैसला किया है। गणेश नाइक के बेटे संदीप नाइक ने बीजेपी से नाराज होकर एनसीपी (शरद पवार गुट) का दामन थाम लिया है, क्योंकि उन्हें बेलापुर सीट से टिकट नहीं मिला।बेलापुर में, बीजेपी की मौजूदा विधायक मंदा म्हात्रे को शिंदे गुट के विजय नाहटा की बगावत का सामना करना पड़ रहा है। कल्याण पूर्व में, बीजेपी की सुलभा गायकवाड़ के खिलाफ शिंदे गुट के कल्याण शहर के अध्यक्ष महेश गायकवाड़ ने विद्रोह कर दिया है। सुलभा के पति और कल्याण पूर्व के मौजूदा विधायक गणपत गायकवाड़ ने इस साल फरवरी में महेश गायकवाड़ पर पुलिस स्टेशन के अंदर गोली चलाने की घटना के बाद स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है।विक्रमगढ़ में, शिंदे गुट के प्रकाश निकम ने बीजेपी के हरिश्चंद्र भोये के खिलाफ बगावत कर अपनी उम्मीदवारी पेश कर दी है। फुलम्बरी में शिंदे गुट के रमेश पवार ने बीजेपी की अनुराधा गायकवाड़ के खिलाफ बगावत कर दी है। सोलापुर सिटी में मनीष कालजे ने बीजेपी के देवेंद्र कोठे के खिलाफ बगावत कर अपनी उम्मीदवारी दर्ज की है।



### बीजेपी में बगावत

- आर्वी में बीजेपी के मौजूदा विधायक दादा केचे ने देवेंद्र फडणवीस के करीबी सुमित वानखेड़े को टिकट दिए जाने के बाद बगावत कर दी।

### अजित पवार गुट में बगावत

- आष्टी में अजित पवार गुट के बालासाहेब अजबेन ने बीजेपी उम्मीदवार सुरेश दास के खिलाफ बगावत की।
- मावल में अजित पवार के बापू भेगड़े ने अपनी पार्टी के उम्मीदवार सुनील शेलके के खिलाफ बगावत की है।
- भेगड़े देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्री रह चुके हैं और उन्हें स्थानीय बीजेपी इकाई का समर्थन प्राप्त है।

### एमवीए का दलबदल

- कसबा में कांग्रेस के कमल व्यवहारे ने कांग्रेस उम्मीदवार रवींद्र धांगेकर के खिलाफ बगावत कर दी है।
- परोला-एरंडोले में यूबीटी के हर्षल माने और नानाभाऊ महाजन ने एनसीपी शरद पवार के सतीश पाटिल के खिलाफ बगावत कर दी है।
- परली में, शरद पवार गुट के नेता आमने-सामने हैं क्योंकि राजाभाऊ फैड ने राजासाहेब देशमुख के खिलाफ विद्रोह कर दिया है।
- बीड में शरद पवार गुट के नेता आमने-सामने हैं क्योंकि ज्योति मेटे ने संदीप क्षीरसागर के खिलाफ बगावत कर दी है।
- भायखला में कांग्रेस के मधु चव्हाण ने यूबीटी उम्मीदवार मनोज जामसुतकर के खिलाफ बगावत कर दी है।
- राजापुर में यूबीटी गुट में टकराव हो रहा है क्योंकि उदय बेने ने राजन साल्वी के खिलाफ विद्रोह कर दिया है।
- श्रीगोंडा में शरद पवार गुट के राहुल जगताप ने यूबीटी की अनुराधा नागवाडे के खिलाफ बगावत कर दी है।
- सांगोला में पीजेंट पार्टी के बाबासाहेब देशमुख ने दीपक सालुंके के खिलाफ बगावत कर दी है।
- दक्षिण सोलापुर में कांग्रेस के दिलीप माने ने शिवसेना से बगावत कर दी है।

### बीजेपी ने भी शिंदे गुट के खिलाफ विद्रोह कर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया

- पचोरा में शिंदे गुट के किशोर पाटिल महायुति के उम्मीदवार हैं, लेकिन बीजेपी के अमोल शिंदे ने बगावत कर दी है।
- भुलदाना में शिंदे गुट के संजय गायकवाड़ के सामने बीजेपी के विजयराज शिंदे ने विद्रोह किया है।
- ओवला-माजीवाड़ा में बीजेपी के पूर्व डिप्टी मेयर हसमुख गहलोत ने शिंदे गुट के प्रताप सरनाईक के खिलाफ बगावत की है।
- पैठण में शिंदे गुट के विलास भुमरे के खिलाफ बीजेपी के सुनील शिंदे ने बगावत कर दी है।
- जालना में शिंदे के अर्जुन खोतकर के सामने बीजेपी के भास्कर दानवे ने विद्रोह किया है।
- सिल्लोड में शिंदे गुट के अब्दुल सत्तार के खिलाफ बीजेपी के सुनील मिरकर मैदान में हैं।
- सावंतवाड़ी में शिंदे गुट के दीपक केसरकर के सामने बीजेपी के विशाल परब ने बगावत कर दी है।
- घनसावंगी में हिकमत उधान के खिलाफ बीजेपी के सतीश घाटगे ने बगावत कर दी है।
- कर्जत में शिंदे गुट के महेंद्र थोरवे के खिलाफ बीजेपी की किरण ठाकरे ने अपनी उम्मीदवारी पेश की है।

### अजित पवार की एनसीपी के खिलाफ बीजेपी उम्मीदवारों की बगावत

- अहेर में बीजेपी के अंबरीश अत्राम का मुकाबला एनसीपी के धर्मराव अत्राम से है।
- अमलनेर में एनसीपी के अनिल पाटिल के खिलाफ बीजेपी के शिरीष चौधरी ने बगावत की है।
- अमरावती में बीजेपी के जगदीश गुप्ता का मुकाबला एनसीपी की सुलभा खोडके से है।
- बासमथ में राजू नवघरे के सामने बीजेपी के मिलिंद अंबाल हैं।
- पठारी में राजेश विटेकर के खिलाफ बीजेपी के रंगनाथ सोलंके ने बगावत की है।
- शाहपुर में दौलत दरोदा के सामने बीजेपी की रंजना उगड़ा हैं।
- जुन्नर में अतुल बुचाके के सामने बीजेपी की आशा बुचके हैं।
- उदगीर में संजय बोन्सोडे के खिलाफ बीजेपी के दिलीप गायकवाड़ ने बगावत की है।
- कलवान में नितिन पवार के खिलाफ बीजेपी के रमेश थोराट हैं।

### अजित पवार की NCP के खिलाफ शिवसेना (शिंदे) की बगावत



- पठारी में शिंदे गुट के सईद खान की एनसीपी के राजेश विटेकर के खिलाफ बगावत की है।
- खेड़ आलंदी में शिंदे के अक्षय जाधव की एनसीपी के दिलीप मोहिते के खिलाफ बगावत की है।
- जुन्नर में शिंदे गुट के पूर्व विधायक शरद सोनावने ने अतुल बेनके के खिलाफ बगावत की है।
- देवलाली में शिंदे की राजश्री अहिरराव ने एनसीपी की सरोज अहीर के खिलाफ बगावत कर दी।
- डिंडोरी में शिंदे के धनराज महाले का मुकाबला एनसीपी के नरहरि जिरवाल से है।
- बीड में शिंदे के अनिल जगताप का मुकाबला एनसीपी के योगेश क्षीरसागर से है।

### ये भी पढ़ें





परांदा में ठाकरे गुट ने रंजीत पाटिल को टिकट दिया है, यहां शरद पवार गुट ने भी राहुल मोटे को उम्मीदवार घोषित किया है। वर्सोवा में, यूबीटी गुट में टकराव की स्थिति बन गई है, क्योंकि राजू पेडनेकर ने आधिकारिक उम्मीदवार हारून खान के खिलाफ बगावत कर दी है। रामटेक में, राजेंद्र मुलक ने शिवसेना (UBT) के उम्मीदवार विशाल बारबटे के खिलाफ निर्दलीय के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। पिंपरी में, पूर्व विधायक गौतम चाबुकस्वार जो अब यूबीटी के साथ हैं, ने शरद गुट की सुलक्षणा शीलवंत के खिलाफ बगावत कर दी है।